


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 30 मार्च 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 8 | अंक - 61 | मूल्य - 5 रुपये









## नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया, देशभर में प्रदर्शन जारी

काठमांडू, (भाषा)।

***नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को रविवार को काठमांडू जिला न्यायालय ने पांच दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, उनकी गिरफ्तारी के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन***

जारी हैं। ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए 'जेन-जेड' आंदोलन को दबाने में कथित संलिप्तता के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। प्रदर्शनों के दौरान कुल 76 लोग मारे गए थे।

नवगठित बालेंद्र शाह सरकार द्वारा अपनी कैबिनेट की पहली बैठक में 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शनों की जांच आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लेने के एक दिन बाद दोनों नेताओं की गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने लेखक को हत्या की घटनाओं में कथित संलिप्तता की जांच के लिए उनकी दस दिनों की हिरासत का अनुरोध करते हुए जिला अदालत में पेश किया। उन्हें पांच दिनों के लिए हिरासत में भेज दिया गया। जिला अदालत के सूचना अधिकारी दीपक कुमार श्रेष्ठ के मुताबिक खराब स्वास्थ्य के कारण पूर्व प्रधानमंत्री ओली को ऑलनाइन माध्यम से अदालत में पेश किया गया। ओली को गिरफ्तारी के बाद शनिवार को स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी सेहत बिगड़ गई। मौजूदा समय में उनका इलाज काठमांडू के महाराजगंज स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल में किया जा रहा है। इस बीच, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष ओली की गिरफ्तारी के विरोध में मैतिघर में प्रदर्शन किया। सीपीएन-यूएमएल ने काठमांडू समेत देशभर के जिला प्रशासन कार्यालयों (डीएओ) को गिरफ्तारियों के विरोध में एक विरोध पत्र सौंपा है। ओली की पार्टी शनिवार से ही देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। पार्टी अपने अध्यक्ष ओली को तत्काल रिहा करने की मांग कर रही है। नेपाल के उच्चतम न्यायालय के सूत्रों ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री ओली और तत्कालीन गृह मंत्री लेखक की रिहाई का अनुरोध करते हुए अदालत में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है। स्थानीय मीडिया ने एक अन्य घटनाक्रम में बताया कि नेपाल पुलिस ने रविवार को पूर्व ऊर्जा मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड़का को धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया। धनशोधन जांच विभाग से अनुरोध प्राप्त होने के बाद पुलिस ने खड़का को जांच के लिए हिरासत में लिया। खड़का पर ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री के रूप में परियोजनाओं के लिए लाइसेंस और अनुबंध दिलाने के लिए वित्तीय लाभ लेने का आरोप है।

### बालाघाट जिले के बैहर मलाजखंड मार्ग पर दुर्घटना के उपरांत

# आल्टो कार में आग लगने से ससुर, बहु और नाती की जिंदा जलकर मौत.. पुत्र और मां भी बूरी तरह से झुलसे..

## आग का गोला बन गई कार से राहगीरों ने दुर्घटनाग्रस्तों को बाहर निकालने का दिखाया साहस..

हर्ष पांडे, जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा घटित हो गया, जिसमें आल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होने तथा आग का बोला बन जाने के कारण परसवाड़ा पौंडी ग्राम के निवासी केलकर परिवार के 65 वर्षीय नगारची केलकर, 28 वर्षीय सविता केलकर और 3 वर्षीय मासूम***

अभि केलकर की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि वहीं आल्टो कार चालक 30 वर्षीय सीतम केलकर और उनकी मां 60 वर्षीय नानाबाई केलकर को गंभीर हालत में बाहर निकाला गया। दोनों गंभीर रूप से झुलस चुके थे और दर्द से कराह रहे थे, जिन्हें गोंदिया के अस्पताल में उपचार के लिये भेजा गया है। घटना की खबर जैसे ही लोगों को लगी, तथा जिसने भी सोशल मीडिया पर घटना की फोटो और वीडियो देखी, वह सिहर गया, और इस घटना ने पुरे इलाके को झकझोर कर रख दिया, तथा पुरेश पुरे इलाके में शोक व्याप्त हो गया।



मृतक ससुर नगारची केलकर

मृतक बहु सविता केलकर और 3 वर्षीय अभि केलकर



अंतिम संस्कार से पूर्व अधजले शवों के साथ रिश्तेदार..



भीषण आग में धधकती हुई आल्टो कार..

### कैसे हुआ हादसा..

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार चालक सीतम केलकर अपने परिवार के साथ पोण्डी (परसवाड़ा) से पौनी लौट रहा था। वह पौनी में वेल्डिंग का कार्य करता था और कुछ दिन पहले अपने परिवार के साथ गांव आया हुआ था। शनिवार रात वह अपने माता-पिता, पत्नी और छोटे बेटे के साथ आल्टो कार से वापस लौट रहा था। उनके साथ पड़ोस की एक 8 वर्षीय बच्ची भी सवार थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना 28 नवम्बर की रात करीब 11:30 बजे की है, जब पुरानी आल्टो कार जैसे ही बैहर मलाजखंड मार्ग पर केवलारी चौराहे के पास पहुंची, चालक का नियंत्रण अचानक वाहन से हट गया। कार सड़क से नीचे उतरकर खेत की बंदी में घुस कर क्षतिग्रस्त हो गई, और अचानक टक्कर के तुरंत बाद कार में स्पार्किंग के साथ ही आग भड़क उठी। पेट्रोल से भरी कार में आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक कार में सवार लोग बाहर निकल पाते, आग तेज लपटों के साथ जलने लगी और अंदर से चीख पुकार मचने लगी।

### राहगीर जिन्होंने की कार सवारों को बचाने की कोशिशें..

गौरतलब है कि रात के 11.30 बजे लगभग बैहर मलाजखंड के केवलारी चौराहे पर सुनसान रोड पर चारों तरफ जंगल की स्थिति लेकिन इस दौरान कार में आग लगने पर कुछ राहगीरों का भी उसी समय मार्ग पर से निकलना हुआ।

उन्होंने हादसा देखते ही कार में लगी आग के बीच दर्द से कराहती चीख पुकार सुनकर सवारों को बचाने की कोशिशें करने में देरी नहीं की। इसका परिणाम यह रहा कि जलती कार की खिड़कियों के शीशे तोड़कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश में सबसे पहले 8 वर्षीय बच्ची पूर्वी राहांगडाले को सुरक्षित बाहर निकाला गया, इसके बाद चालक सीतम केलकर और उनकी मां नानाबाई केलकर को गंभीर हालत में बाहर निकाला गया, जबकि वहीं कार में जब लपटें और तेज हो गई, तो राहगीरों के प्रयास भी सफल नहीं हो पाए और कार में सवार नगारची केलकर, उनकी बहु सविता केलकर और 3 वर्षीय मासूम नाती अभि केलकर को नहीं बचाया जा सका।

तीनों की मौके पर ही जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है, तथा एक परिवार के तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत और दो लोगों के जीवन और मौत के बीच संघर्ष की स्थिति के कारण पुरे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया है।

## गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार..

### पुलिस और दमकल की तत्परता

घटना की सूचना मिलते ही मध्य प्रदेश पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए गोंदिया रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उनका इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### बोले थाना प्रभारी बैहर..

इस हादसे के बाद बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण तेज रफ्तार और संभवतः चालक को आई नींद की झपकी माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है और तकनीकी पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है।

### शोकाकुल माहौल में किया गया शवों का अंतिम संस्कार..

गौरतलब है कि घटना के बाद रविवार दोपहर में मृतकों के क्षत विक्षत एवं जले शवों का पोष्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव पोण्डी (परसवाड़ा) में किया गया। पूरे गांव में शोक की लहर के साथ हर आंख नम दिखाई दे रही थी। इस हादसे ने न केवल एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि पूरे क्षेत्र को गहरे सदमे में डाल दिया है। एक कार के क्षतिग्रस्त होने के बाद इस तरह से अचानक आग लग जाने की इस घटना के बाद लोग आश्चर्यचकित तथा खौफजदा भी नजर आ रहे हैं।

## आवश्यकता है..

*ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी, 12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।*

*बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टाकीस एंड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र.) संपर्क - 9244872544/9201340520*

## बेचना है..

बालाघाट शहर के हृदय स्थल में 996 वर्ग मीटर (10719 वर्ग फीट) जगह एवं 51X80 वर्ग फीट में निर्मित 12 फ्लेट एवं ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग सुविधा युक्त 3 मंजिला बिल्डिंग बेचना है।

संपर्क करें.. 9424751757, 7724894858







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## सिवनी में -19 इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस ट्रॉफी लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 31 मार्च से..




**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस ट्रॉफी (लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट) 2026 का आयोजन 31 मार्च 2026 से सिवनी के पालिटेक्निक ग्राउंड किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की कुल 12 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें चार अलग-अलग पूलों में विभाजित किया गया है।

टूर्नामेंट के अध्यक्ष अजय मिश्रा, संयोजक कलाम खान तथा सचिव अब्दुल काबिज़ खान होंगे। आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

**समिति द्वारा पूल विवरण इस प्रकार है :-**

पूल **A-** सिवनी ब्लू, लखनादौन, मंडला। पूल **B-** सिवनी येलो, केवलारी + बालाघाट, पांढुरना। पूल **C-** सिवनी रेड, जबलपुर **(D)**,नरसिंहपुर। पूल **D-** जबलपुर **CC**,छिंदवाड़ा, नागपुर। प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे पहला सुबह 8 बजे एवं दूसरा दोपहर 12 बजे। 31 मार्च से 5 अप्रैल तक लीग मुकाबले आयोजित होंगे, जबकि 6 अप्रैल को सेमीफाइनल एवं 7 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जाएगा। आयोजन समिति द्वारा निर्धारित नियम एवं मुख्य बिंदु अनुसार- केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनका जन्म 1 जनवरी 2007 या उसके बाद हुआ हो। प्रत्येक टीम अधिकतम 16 खिलाड़ियों का स्क्वॉड रख सकेगी।, सभी मैच 20-20 ओवर के होंगे एवं व्हाइट लेदर बॉल से खेले जाएंगे।, खिलाड़ियों के दस्तावेजों का सत्यापन आवश्यक होगा।

अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियंस ट्रॉफी (लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट) अंतर्गत आयोजन समिति की ओर से पुरस्कारों में विजेता टीम 25,000 रूपए जबकि उपविजेता टीम 15,000 रूपए की राशि प्रदान की जाएगी।

मैचों में सम्मिलित टीमों की विशेष जानकारी अनुसार बाहर से आने वाली टीमों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जाएगी। सभी मैचों का लाइव प्रसारण गौतम डिजिटल के माध्यम से किया जाएगा। सभी टीमों को मैच के निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व मैदान पर उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। आयोजन समिति ने जिले के सभी क्रिकेट प्रेमियों से इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## जिले के लखनादौन क्षेत्र में देर रात एक पेट्रोल पंप पर अचानक आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के लखनादौन क्षेत्र में शनिवार देर रात एक पेट्रोल पंप पर अचानक आग लग गई। कर्मचारियों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से आग***

पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है।

घटना देर रात उस समय हुई जब पेट्रोल पंप पर सामान्य कार्य चल रहा था। अचानक एक हिस्से से आग की लपटें उठती दिखाई दीं, जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।





### कर्मचारियों ने फायर सेफ्टी उपकरणों से बुझाई..

आग देखते ही कर्मचारियों ने बिना देरी किए फायर सेफ्टी उपकरणों का उपयोग करना शुरू कर दिया। उनकी सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया के कारण आग को फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो यह एक गंभीर दुर्घटना में बदल सकती थी, क्योंकि पेट्रोल पंप पर बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ मौजूद रहता है।

### आग में जनहानि नहीं, कारणों की जांच जारी..

इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या गंभीर नुकसान की सूचना नहीं है, जो एक राहत की बात है। आग लगने की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी या ईंधन निकालते समय हुई गलती को आग का संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चलेगा।

स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पेट्रोल पंप संचालकों को सुरक्षा मानकों कासख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इस घटना ने क्षेत्र में पेट्रोल पंपों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कांग्रेस ने लिया फसलो की आगजनी में हुई नुकसानी का जायजा..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

सिवनी नगर के आसपास ग्रामीण क्षेत्र में एक ही दिन में चार स्थानों पर आग लगने से मकान एवं फसलों को भारी नुकसान हुआ, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के निर्देश पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल, विनोद यादव, मंडलम अध्यक्ष अनुज सक्सेना ग्राम बल्लारपुर में मकानो एवं कुरई विकास खण्ड के ग्राम चक्की खमरिया में नरेश मरावी एवं यशपाल भलावी, दिलीप करवेती, सुनील राठौर, विमल चंदेल, विशाल चंदेल, एनसिंह चंदेल, संतोष चंदेल के साथ उपस्थित होकर फसलो की आगजनी में हुई नुकसानी का जायजा लिया और आर्थिक रूप से ग्रामीणों का बहुत अधिक नुकसान हुआ घर गृहस्थी और खेती किसानी के अनेक उपकरण पूरी तरह जल गये, जहॉ उन्होंने पीड़ितो को सात्वना दी और प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाये जाने की बात कही।

## शीतल पेयजल हेतु प्याऊ किया आरम्भ



**जगप्रेरणा लखनादौन।**

लखनादौन विकासखंड के ग्राम गणेशगंज में मप्र जन अभियान परिषद की सेक्टर नवांकुर संस्था देवर्षि नारद प्रचार प्रसार समिति के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम द्वारा बढ़ती गर्मी के बीच बाजार के समीप शीतल पेयजल हेतु प्याऊ का शुभारंभ किया गया है इस पुनीत कार्य में जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव, सेक्टर की नवांकुर एवं प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग से सेक्टर सुपरवाइजर तक्षशिलाजी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, स्थानीय समाजकार्य के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ का कान्हीवाडा में भ्रमण..




**जगप्रेरणा कान्हीवाडा।**

पुटपर्ती आन्ध्रप्रदेश से पूरे भारत देश के जन जन तक प्रेम का संदेश लेकर निकले इस दिव्य रथ में भगवान् की चरण पादुका विराजित है।

श्री सत्य साई सेवा संगठन के द्वारा संचालित रथ को समिति के सदस्यों के सहयोग से मण्डला जिले से प्राप्त जिला कान्हीवाडा के अन्तर्गत भटेखारी पखारा केवलारी उगली, सकरी बेलगाँव और पाण्डियाछपारा होते हुए साई जिला लालबर्रा की ओर प्रस्थान करेगा पूरे मध्यप्रदेश की यात्रा करते हुए उत्तर प्रदेश के बाद नेपाल के भक्तों को कृतार्थ कर स्वामी के जन्म दिन 23 नवम्बर को पुटपर्ती में समापन किया जाएगा। इस रथ को प्रदीप तिवारी लखनऊ के द्वारा ड्राइव किया जा रहा है।

## लूघरवाड़ा में नवदिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा आज से..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगर से लगे लूघरवाड़ा में नवदिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि लूघरवाड़ा स्थित अयोध्या नगर कालोनी में आज 30 मार्च 2026 दिन सोमवार से दिनांक 7 अप्रैल2026 दिन मंगलवार तक नव दिवसीय श्रीशिवमहापुराण कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक श्रीशिवमहापुराण की अमृतमय कथा को अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक परम श्रद्धेय आचार्य पं. राजेन्द्र पाण्डेय के द्वारा रसास्वादन कराया जाएगा। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि भव्य कलश यात्रा आज 30 मार्च 2026, सोमवार दोपहर 12 बजे तथा हवन पूजन एवं महाप्रसाद भंडारा दिनांक 07 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को रखा गया है।

यजमान परिवार श्री रामदीन सुनेश, श्रीमति चमेली सुनेश एवं परिवार ने इस ज्ञान यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में सहपरिवार पधारने तथा शिवकृपा से जीवन को सफल बनाकर अनुग्रहीत करने का निवेदन किया है। वही अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक परम श्रद्धेय आचार्य पं. श्री राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा है कि शिव महापुराण कथा सुनने मात्र से कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रत्येक मानव को अपने जीवन में शिव महापुराण कथा सुनने का अवसर अवश्य लेना चाहिए।

## दहेज के लिए हत्या करने वाले, पति, सास और देवर को आजीवन कारावास

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला सिवनी के थाना बंडोल का यह मामला संछिप्त में इस प्रकार है। दिनांक 17/04/2014 को जिला अस्पताल सिवनी के डॉक्टर द्वारा थाना कोतवाली को इस आशय की सूचना दी गई की, आहत मधु बेन पति संतोष बेन उम्र 24 वर्ष, निवासी बंडोल, जिला सिवनी को 50प्रतिशत जली हालत में अस्पताल में भर्ती किया है उसे अग्रिम उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है इलाज के दौरान मधु की मृत्यु हो जाने पर पुलिस द्वारा द्वारा मामला कायम कर अन्वेषण पर पाया की दिनांक16/04/2014 को रात्रि में मधु का पति संतोष बेन, सास राजकुमारी बेन, और देवर संतकुमार बेन दहेज की मांग पूरी न होने के कारण मधु के साथ मारपीट किए और देवर ने हाथ पकड़े और सास ने मिट्टी तेल डाला और पति संतोष ने माचिस से आग लगा दी। आभियक्तगण दहेज में नकद 10 हजार रुपए और एवम मोटरसाइकल के लिए शादी के कुछ समय बाद ही प्रताड़ित कर रहे थे। मामले की सुनवाई माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी के द्वारा की है जिसमे शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक नेतराम चौरसिया एवम वरिष्ठ एडीपीओ मनोज कुमार सैयाम के द्वारा पैरवी और तर्क प्रस्तुत किए गए। माननीय विद्वान न्यायाधीश ने मृतिका मधु के द्वारा डॉक्टर को मृत्यु पूर्व दिए कथन में पति ,सास और देवर के द्वारा जलाया गया बताया था।

उक्त कथन को प्रमाणित कराने एवं अन्य साक्ष्य को साबित होने के आधार पर मधु के पति , सास और देवर को धारा 498 **(a)** में तीनों को 02 वर्ष का कारावास तथा धारा302 भा.द.वि. में तीनों अभियुक्तगण को आजीवन कारावास एवम10500 रूपये के जुर्माने से दंडित करने का निर्णय पारित किया है।

## अनंत बघेल ने कक्षा में किया टॉप, 86.75 प्रति. अंक प्राप्त..



**जगप्रेरणा केवलारी।**

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा घोषित पांचवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में दीप ज्योति स्कूल के छात्र अनंत बघेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 86.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

अनंत बघेल पिता रघुराज सिंह बघेल की इस सफलता से विद्यालय एवं परिवार में खुशी का माहौल है। कक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त करने पर उनकी माता साधना बघेल सहित विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय प्रबंधन ने अनंत की इस उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

## भाजपा सरकार की देश विरोधी नीति के विरोध में प्रदर्शन आज..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

**भाजपा सरकार की देश विरोधी नीति के चलते गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि एवं अपर्याप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि, डीजल-पेट्रोल की कमी से देश में आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ रहें है लोगो में भय का वातावरण है इसके जिला कांग्रेस कमेटी दिनांक 30 मार्च 2026, दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे अम्बेडकर प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने समस्त कांग्रेस जनों से उपस्थिति हेतु अपील की है।**

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## मदरसा सुमैया लिलबनात का कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत रहा परिणाम..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

छोटी मस्जिद चौक स्थित मदरसा सुमैया लिलबनात का इस वर्ष कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम रहा। संस्था की सभी छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर मदरसे का नाम रोशन किया है।

मदरसा सुमैया लिलबनात, सुमैया वेल्फेयर सोसायटी सिवनी पंजीयन क्रमांक जी.एस. 5684 के अधीन संचालित है तथा मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड से पंजीकृत शैक्षणिक संस्था है। वर्तमान में संस्था में 280 छात्राएँ अध्ययनरत हैं। वहीं 16 शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ छात्राओं को शिक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। मदरसे में छात्राओं को मजहबी शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी प्रदान की जाती है। संस्था प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा में 19 छात्राएँ सम्मिलित हुई थीं। सभी छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। वहीं कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा में 32 छात्राएँ शामिल हुईं और सभी छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर संस्था को गौरवान्वित किया।इस प्रकार कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं दोनों बोर्ड परीक्षाओं में मदरसा सुमैया लिलबनात, सिवनी का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। संस्था प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

## घंसौर में अंबेडकर जयंती की तैयारियां तेज, 1 अप्रैल को होगी महत्वपूर्ण बैठक



**जगप्रेरणा घंसौर।**

भारतीय संविधान के शिल्पकार परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को इस वर्ष भी पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में जनपद पंचायत सभा कक्ष, घंसौर में 1 अप्रैल 2026 को दोपहर 4 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह बैठक अंबेडकर जयंती समारोह को सफल और भव्य बनाने के उद्देश्य से बुलाई गई है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। बैठक में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, जिला सदस्य, सभी सरपंच, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, प्रसारक, अनुयायी तथा संविधान में आस्था रखने वाले नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

आयोजकों द्वारा सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से विशेष आग्रह किया गया है कि वे बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दें। बैठक के दौरान जयंती समारोह के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों जैसे शोभायात्रा, सांस्कृतिक आयोजन, विचार गोष्ठी एवं सामाजिक जागरूकता गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

गौरतलब है कि अंबेडकर जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। डॉ. अंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है, जिसे सम्मानित करने और उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिए हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है।

आयोजन समिति ने विशेष रूप से युवाओं और समाज के हर वर्ग से अपील की है कि वे इस अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लें और बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करें। बैठक में कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया जा सकता है, ताकि सभी जिम्मेदारियों का सुव्यवस्थित ढंग से निर्वहन हो सके। अंत में आयोजकों ने सभी नागरिकों से विनम्र निवेदन किया है कि वे 1 अप्रैल को आयोजित बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने सुझाव दें और इस महत्वपूर्ण आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

## तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए नागरिकों की विदाई



**जगप्रेरणा छपारा।**

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ स्थान की यात्रा करने के लिए शुरू की गई है अनूठी योजना में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को विभिन्न तीर्थ स्थान की मुक्त यात्रा कराई जाती है जिसके अंतर्गत 29 मार्च को 5:00 बजे नगर परिषद छपारा से 12 नागरिक 13 महिलाएं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 30 मार्च को सुबह सिवनी से वाराणसी अयोध्या यात्रा के लिए रवाना होंगे जाने वाली वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा के लिए आवश्यक जानकारी दी गई यात्रा में किसी तरह की अ सुविधा न हो। नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल द्वारा शुभकामनाएं दी गई इस योजना में नगर परिषद छपारा से लगभग 13 महिला 12 पुरुष सहित 25 वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ स्थान की यात्रा के लिए भेजा जा रहा है जहां भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ठाकुर अर्जुन सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर नवनीत सिंह नगर परिषद के उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह सभापति ठाकुर धर्मेंद्र जैन पार्षद रामेश्वर बंजारा पार्षद राकेश भारद्वाज पंडित नीरज दुबे सुनील दत्त पाठक द्वारा सभी तीर्थ यात्रियों को पुष्पमाला से स्वागत सम्मान कर बधाई दी गई।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





जग प्रेरणा
# शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975




### भगवान महावीर स्वामी के जन कल्याणक पर

## बालाघाट में निकाली गई भव्य अहिंसा रैली, शांति और सद्भाव का दिया सकल जैन समाज ने संदेश..

**धर्म सभा के माध्यम से किया गया अहिंसा एवं प्रेमभाव हेतु प्रेरित..**




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर में आज 29 मार्च 2026 को महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति बालाघाट के तत्वावधान में शहर में भव्य 'अहिंसा रैली' अहिंसा वॉकेथान का आयोजन किया गया। इस रैली***

का मुख्य उद्देश्य समाज में शांति, करुणा और भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो' के संदेश को प्रसारित करना था। रैली का शुभारंभ शाम 5 बजे हनुमान चौक से हुआ तथा मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुए रैली भगवान महावीर अहिंसा द्वार कालीपुतली में सम्पन्न हुई। इस रैली में जैन समाज के सभी धर्मालंबियों के साथ अन्य सर्व समाज के लोगों ने भी अपनी उपस्थित दर्ज की। महावीर कल्याणक समिति के अध्यक्ष आदित्य सेठिया ने कहा कि महावीर जयंती मोहत्सव के अवसर पर आज के समय में अहिंसा केवल एक विचार नहीं, बल्कि वैश्विक आवश्यकता है। युवाओं को महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। गौरतलब है कि इस रैली में सर्व जैन समाज के सभी जैन धर्मावलंबी, विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिकगण शामिल हुए। प्रतिभागी सामाजिक बच्चों एवं युवा द्वारा हाथों में 'अहिंसा परमो धर्मः और 'जियो और जीने दो' जैसी तख्तियां लेकर महावीर का संदेश दिया गया। रास्ते भर अहिंसा के नारों और प्रेरक भजनों से वातावरण गुंजायमान रहा। रैली अहिंसा द्वार पर जब पहुंची, तो एक धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। यहाँ जैन समाज के वरिष्ठ अजय लूनिया, भागचंद नाहर, सुशील जैन, राजेश बाफना, कैलाश चौरडिया, अशोक बोथरा, अतुल वैद्य, यज्ञेश चावड़ा, राज हरिनखेड़े, सम्यक जैन, अनिल सोनी आदि ने अहिंसा के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था के उपाध्यक्ष रोहित सुराना ने अंत में सभी सहयोगियों, पुलिस प्रशासन और मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया। आज के कार्यक्रम में महावीर जन्म कल्याणक मोहत्सव समिति के अध्यक्ष आदित्य सेठिया, उपाध्यक्ष रोहित सुराणा, सचिव परख जैन, सहसचिव आगम जैन, कोषाध्यक्ष मानव चौरड़िया सह कोषाध्यक्ष ध्रुव वैद्य , कार्यकारणी सदस्य में दीपक छाजेड (मामा), दीपक बोथरा, प्रखर जैन, कुशल कांकरिया, राहुल बागरेचा, संकल्प जैन सहित अन्य सदस्यों ने सभी सामाजिक और सर्वसमाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मोनिल जैन ने दी।

## राजस्व संग्रहण में बालाघाट जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालाघाट जिले ने राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले ने पूरे मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025-26 के लिए बालाघाट जिले को 7 करोड़ रुपए के राजस्व संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके विरुद्ध 29 मार्च 2026 तक जिले में 7 करोड़ 15 लाख रुपए का राजस्व संग्रहण किया जा चुका है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 102 प्रतिशत है। इस शानदार उपलब्धि के साथ बालाघाट जिला प्रदेश के सभी 55 जिलों में दूसरे स्थान पर रहा है। राजस्व संग्रहण में श्योपुर जिला प्रथम तथा गुना जिला तृतीय स्थान पर रहा है। इस सफलता का श्रेय कलेक्टर श्री मृणाल मीना के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व को है। उनके निर्देशन में राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वित प्रयास करते हुए लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की है। जिले की इस उपलब्धि से प्रशासनिक कार्यप्रणाली की दक्षता एवं टीमवर्क की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। यह उपलब्धि अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

## अग्निवीर सेना भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी..

### 01 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

जगप्रेरणा बालाघाट।

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 01 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जीडी, क्लर्क, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस के पदों के साथ-साथ स्थायी पदों पर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट (वेट) एवं सिपाही फार्मा के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। आयु सीमा 17 वर्ष 6 माह से 22 वर्ष निर्धारित है। विस्तृत अधिसूचना एवं आवेदन संबंधी जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि से पूर्व आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, जबलपुर से दूरभाष नंबर 7247028996 पर संपर्क कर सकते हैं।

## नगरीय निकाय चुनाव में शेष रह गए 1.5 वर्ष, अब जाकर हुई मनोनित पार्षदो की हुई नियुक्ति..

### बालाघाट नगर पालिका मे 2 पूर्व पार्षदो संहित 6 मनोनित पार्षदो मे विशाल मंगलानी, सुरेन्द्र पाल सिंह, गजेन्द्र भारद्वाज को मिला अवसर..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों में लगभग 3.5 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, और अब इन 3.5 वर्ष बाद नगरीय निकायों में मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मनोनित पार्षदों की नियुक्ति की है, मतलब अब जो नियुक्तियां***

की गई है, उन मनोनित पार्षदों को 1.5 वर्ष का ही कार्यकाल प्राप्त होगा, तथा आगामी चुनाव के संपन्न होने के बाद पुनः फिर से नई नियुक्तियां होंगी, तभी नए मनोनित पार्षदों को सेवाओं का अवसर प्राप्त होगा। बहरलाल नगरीय निकाय चुनाव से 1.5 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश शासन नगरीय विभाग द्वारा संपूर्ण प्रदेश में नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों व नगर परिषदों में मनोनित पार्षदों की नियुक्तियां की है, जिसमें बालाघाट नगर पालिका परिषद में दो पूर्व पार्षदों के साथ ही चार नए लोगों को अवसर प्रदान किया गया है। जिन्हें मनोनित पार्षद मनोनित किया गया है, उनमें पूर्व पार्षद सिद्धार्थ शेंडे - वार्ड क्रमांक 13, पूर्व पार्षद चित्तवर्ण शुक्ला वार्ड क्रमांक 21, के अलावा याशीन खान पिता मोबिन खान - वार्ड क्रमांक 13, सुरेन्द्र पाल सिंह (बिट्टु) वार्ड क्रमांक 22, गजेन्द्र भारद्वाज वार्ड क्रमांक 13 एवं विशाल मंगलानी पिता शंकरलाल मंगलानी वार्ड क्रमांक 29 को स्थान दिया गया है।

### वोटिंग पावर नहीं लेकिन वेतन के होंगे हकदार..

**मनोनित पार्षदों के अधिकार एवं सुविधाओं के संबंध में पूर्व मनोनित पार्षद एवं वर्तमान में वार्ड नंबर 16 के पार्षद सुधीर चिले ने बताया कि नगरीय निकायों में मनोनित पार्षदों को सभापति, उपाध्यक्ष आदि चुनाव में या किसी भी विवादित परिस्थिति में जबकि वोटिंग होना हो तो इस स्थिति में वोटिंग पावर नहीं होने के कारण वे वोट नहीं कर सकते, जबकि वहीं अन्य पार्षदों को मिलने वाले प्रतिमाह वेतन की श्रेणी में इन पार्षदों को शामिल किया जाता है। मनोनित पार्षदों को 3600 रुपये प्रतिमाह वेतन दिये जाने का तथा मीटिंग में शामिल होने पर बैठक शुल्क भी प्रदान किये जाने का प्रावधान है। वर्तमान में जो मनोनित पार्षद नियुक्त किये गए हैं, उन्हें लगभग 18 महीने वेतन प्राप्त हो सकेगा।**

## महावीर जयंती पर दिगंबर जैन महिला मंडल द्वारा कुपोषित बच्चों को की गई पोषण किट वितरित






जगप्रेरणा बालाघाट।

***श्री भगवान महावीर के जन्म महोत्सव के पावन अवसर पर दिगंबर जैन महिला मंडल, बालाघाट द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, बालाघाट ग्रामीण परियोजना के सहयोग से सराहनीय पहल करते हुए चिन्हांकित 50 कुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया।***

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल की सदस्यों द्वारा श्री णमोकार महामंत्र के मंगलाचरण के साथ किया गया। इस अवसर पर भगवान महावीर के संदेशों का स्मरण करते हुए अहिंसा, जीव दया और सदाचार को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती उषा जैन एवं सचिव श्रीमती रंजू लता जैन ने बच्चों को पोषण किट वितरित किए। प्रवक्ता श्रीमती माधुरी जैन ने बताया कि यह नवाचार आधारित कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। पोषण किट में मोटे अनाज से तैयार आटा, मुरमुरा, गुड़, चना, मूंगफली, सोयाबीन की बड़ी एवं केले जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल किए गए। इस दौरान महावीर समिति के अध्यक्ष श्री आदित्य सेठिया, दिगंबर पंचायत कमेटी के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र जैन एवं कोषाध्यक्ष श्री नीलेश बाकलीवाल ने भी वितरण कार्य में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती सुषमा ज्योति मीना सहित सदस्य श्रीमती सुनीता जैन, प्रभा भारती, सुनीता, आभा, सरिता, अनामिका, निधि एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। इस अवसर पर 0 से 6 वर्ष के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के उद्देश्य से उनकी माताओं को बच्चों की उचित देखभाल, पोषण एवं वृद्धि निगरानी के संबंध में जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में बालाघाट ग्रामीण के परियोजना अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौकसे, पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

## शासकीय छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, अब पूरी तरह ऑनलाइन 30 मार्च तक कर सकते है आवेदक आवेदन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। जिसके जरिए प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण एवं प्रशासनिक कार्यों को से संचालित किया जाएगा।

यह प्रणाली विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) टाइप-ढ्ढ एवं टाइप-ढ्ढढ्ढ तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस (एनएससीबी) बालक एवं बालिका छात्रावासों में प्रवेश और प्रबंधन को सरल बनाने के उद्देश्य से लागू की गई है। छात्रावासों में कक्षा 6वीं एवं अन्य कक्षाओं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए प्रथम चरण में 30 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। इसके बाद यदि सीटें रिक्त रहती हैं, तो द्वितीय चरण की प्रक्रिया 6 अप्रैल से 10 जून 2026 तक चलेगी। प्रवेश के लिए अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। आवेदन में किसी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित छात्रावास के वार्डन से भी सहयोग लिया जा सकता है। छात्रावासों में 50, 100, 150, 175, 200, 220 एवं 275 सीटों की व्यवस्था की गई है। कक्षा 6 से 8 तक की बालिकाओं को केजीबीवी टाइप-ढ्ढ एवं एनएससीबी बालिका छात्रावासों में प्रवेश दिया जाता है, जबकि कक्षा 6 से 12 तक की बालिकाओं के लिए केजीबीवी टाइप-ढ्ढढ्ढ में प्रवेश की सुविधा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 75 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की बालिकाओं के लिए आरक्षित हैं, जबकि 25 प्रतिशत सीटें बीपीएल परिवारों की बालिकाओं के लिए निर्धारित हैं। इनमें दिव्यांग, अनाथ एवं बेसहारा बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाती है। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावासों में कक्षा 3 से 8 तक के पात्र बालकों को प्रवेश दिया जाता है। ये छात्रावास विशेष रूप से शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित किए जाते हैं। इन छात्रावासों में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर रहने वाले, पन्नी बीनने वाले, पलायन करने वाले परिवारों के बच्चे, घर से भटके हुए, विमुक्त एवं आदिम जनजातीय परिवारों के बच्चों को आवासीय सुविधा प्रदान कर शिक्षा से जोड़ा जाएगा। इस पहल से वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुरक्षित आवासीय वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।


॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।



वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)




# अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल परसवाड़ा की सामाजिक बैठक सम्पन्न..

## महासभा पदाधिकारियों की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी को मिला मंडल का दर्जा, समाज विस्तार व संगठन सुदृढ़ीकरण पर हुआ मंथन



जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल परसवाड़ा की महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक रविवार को स्थानीय श्रीराम मंदिर परिसर में विधिवत एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई।***

बैठक में समाज के विकास, संगठन की मजबूती, आपसी समन्वय एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही समाज के विस्तार एवं नई पीढ़ी को जोड़ने के प्रयासों पर भी विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महासभा के निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महासभा उपाध्यक्ष कमलेश नागेश्वर उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में समाज को एकजुट रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है।

विशेष अतिथि के रूप में महासभा उपाध्यक्ष गोविंद राम खरे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक एकता, पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण एवं युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहनलाल बनवाले की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरि प्रसाद चावले ने की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए समाज के निरंतर विकास एवं संगठन को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई।

बैठक में भादुकोटा, शेरपार, बिजाटोला एवं कुरेदा सहित आसपास के क्षेत्रों से समाज के स्वजातीय बंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। साथ ही मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की, जो समाज की एकजुटता का प्रतीक रही।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से मंडल का दर्जा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया तथा अंत में सभी के सहयोग और सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस दौरान स्वरूपलाल अजीत, सुशील ब्रम्हे, विनय पाण्डेय, रोहित गोल्वे, बसंत गोल्वे, अशोक ब्रम्हे, हरि ब्रम्हे, आनंद वेलजी, विजय वेलजी, कुंवर वरांडे, संतोष गोल्वे, भरत अजीत, चित्रसेन गोल्वे, श्याम गोल्वे, सुग्रीव गोल्वे, अर्जुन गोल्वे, ममता चावले, दिनेश अजीत, घनश्याम ब्रम्हे, तिरथ राम सिहोले, नरेश कुमार ब्रम्हे, महेश सिहोले, राजकुमार सिहोले, कृष्णा बाई चावले, सचिन खंडकार, श्याम वेल्जी, खोवालाल गोल्वे, सुमन भारद्वाज, ललित चावले, हिरंजन खरे, पद्मा नागेश्वर, सरला वराडे, कौशल्या गोल्वे, अन्नू ब्रम्हे, गीता बाई भारती, मीरा चावले, लता गोल्वे, रामबती भारती, कल्पना वेलजी, संगीता चावले, प्रिया ब्रम्हे, योगेश पाण्डेय, नवीन गोल्वे, निखिल चावले सहित बड़ी संख्या में परसवाड़ा एवं आसपास के ग्रामों के स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# जवारे एवं ज्योति कलश का श्रद्धा और उल्लास के साथ विसर्जन..





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***जगत जननी मां जगदंबा के पावन पर्व नवरात्रि के उपलक्ष्य में परसवाड़ा स्थित खेरमाता मंदिर में बोए गए जवारे एवं स्थापित मन्नतों के ज्योति कलश का शुक्रवार प्रातः लगभग 11 बजे पूरे विधि-विधान, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ विसर्जन किया गया।***

चिलचिलाती धूप के बावजूद भक्तों का उत्साह देखने लायक रहा। नौ दिनों तक विधिपूर्वक पूजा-अर्चना, सेवा और भजन-कीर्तन के पश्चात हवन-पूजन सम्पन्न किया गया। इसके उपरांत राम नवमी के शुभ अवसर पर ग्राम की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सिर पर जवारे की टोकरियां एवं ज्योति कलश धारण किए। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए विशाल शोभायात्रा के रूप में बस स्टैंड के पीछे स्थित कुएं तक पहुंचे, जहां विधिवत रूप से जवारे एवं ज्योति कलश का विसर्जन किया गया।

इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। नौ दिनों तक मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

विसर्जन कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परसवाड़ा पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद रही। इस पावन अवसर पर माता रानी के भक्तों में काकोरी दादा, दीपक राठौर, देवेन्द्र डहरवाल, नयन डहरवाल, अवतार अवधिया, आशीष अवधिया, राजेश दूबे, विनय मंडले, मनीष लांजेवार, शिवम् जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। पूरा आयोजन श्रद्धा, आस्था और सामुदायिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता नजर आया।

# मौरिया गांव में भीषण आग, दक्ष कुमार का मकान जलकर खाक - 3 से 4 लाख की क्षति






जगप्रेरणा लामता।

***तहसील मुख्यालय लामता से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मौरिया में आज सुबह एक भीषण आगजनी की घटना सामने आई। इस हादसे में ग्राम निवासी दक्ष कुमार का कच्चा मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गया, जिससे उन्हें लगभग 3 से 4 लाख रुपये की भारी क्षति हुई है।***


प्राप्त जानकारी के अनुसार, घर में पशुओं के लिए रखा पैरा (चारा) अचानक आग की चपेट में आ गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। उस समय घर के सभी सदस्य महुआ चुनने के लिए बाहर गए हुए थे, जिससे घर में कोई मौजूद नहीं था।

आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत मदद के लिए प्रयास शुरू किए और फायर ब्रिगेड को 101 पर कॉल किया। बालाघाट से अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक मकान पूरी तरह जल चुका था। अग्निशमन दल ने आसपास के क्षेत्रों में लगी आग को फैलने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस आगजनी में मकान के साथ-साथ घर में रखा लगभग 10 से 15 क्विंटल धान, थ्रेसर मशीन, होंडा पंप और एक बिजली पंप भी जलकर नष्ट हो गए। कच्चा मकान होने के कारण बांस, लकड़ी और कवेलू पूरी तरह जल गए या टूट गए।

ग्रामीणों की तत्परता से आसपास के मकानों को बचा लिया गया। विशेष रूप से कृष्ण कुमार उराड़े और मिथुन उराड़े के घरों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की जा रही है।

# मॉयल में स्वच्छता पखवाड़ा 2026: खदान क्षेत्रों में जागरूकता और जनभागीदारी पर जोर




जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन कार्यरत मिनी रत्न कंपनी स्व्ह्ढरुलिमिटेड द्वारा 16 मार्च से 31 मार्च 2026 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा-2026' का व्यापक आयोजन किया जा रहा है।***

इस संबंध में कंपनी मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के तहत सभी खदान क्षेत्रों में विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार उकवा, बालाघाट, तिरोड़ी, सिटापाटोर, डोंगरिबुर्जुग, चिकला, मुनसर, कांडरी, बेलडोंगरी और गुमगांव खदान क्षेत्रों में इस पखवाड़े के दौरान विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों, अधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम की शुरुआत 16 मार्च को ÷मास स्वच्छता शपथ समारोह÷ के साथ की गई, जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

17 मार्च को खदानों के प्रशासनिक भवनों में सेल्फी बूथ स्थापित किए गए, जहां कर्मचारियों ने स्वच्छता से जुड़े संदेशों के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई। 18 मार्च को आवासीय कॉलोनियों में जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, वहीं 19 मार्च को कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर कर्मचारियों को स्वच्छ जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया गया।

इसके बाद 20 मार्च को ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित कर खुले में शौच की प्रवृत्ति को समाप्त करने और प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने पर जोर दिया गया। 21 मार्च को स्वच्छता विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। 22 एवं 23 मार्च को खदानों के आसपास के गांवों और स्कूलों में सफाई अभियान चलाकर स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

24 से 27 मार्च के बीच हैंडपंप, कुओं और नालियों की सफाई के साथ-साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों में कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए इन गतिविधियों में भाग लेना अनिवार्य है। साथ ही प्रत्येक कार्यक्रम की फोटो रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में साझा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मॉयल लिमिटेड का यह स्वच्छता पखवाड़ा न केवल खदान क्षेत्रों में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित कर रहा है।

# व्यापारी परिवार व मानव सेवा समिति के सदस्यो ने गहरे गडडे से निकालकर गाय की प्राण रक्षा की





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***सेवा भावो के लिये प्रसिद्व व्यापारी परिवार व मानव सेवा समिति के सदस्यो ने आज फिर से अपने कार्यो का परिचय कराते हुये गहरे पानी के***

गडडे मे पिछले दो दिवस से फंसी गाय को निकालकर उसके प्राणो की रक्षा की है। नगर मे नवनिर्मित लोधी भवन के पीछे के हिस्से मे एक विशाल गडडे मे गाय को दर्द से तडपते देखा गया। किसी ने भी जब मदद के हाथ नही बढाये तब व्यापारी परिवार व मानव सेवा समिति के सदस्यो को आज दूसरे दिवस जैसे की गाय के दर्द की व्यथा का पता चला वैसे ही तत्काल पुरी युवाओ की टीम ने सेवामयी कार्यो का परिचय देकर सभी को प्रभावित कर दिया। जानकारी अनुसार शिवधाम मोहल्ले की पीछे के हिस्से मे उस गडडे के निकट किसी समारोह के भोजन के अंश फेके गये थे। जिसको खाने की लालसा मे उक्त गाय अचानक रात्रि के अंधेरे मे गहरे लोहे की सलाखो वाले गडडे मे गिर गयी। सेवाभावी समिति के सदस्यो ने अभिषेक सुराना के नेत्रत्व मे पहले तो बडी बडी बल्लियो के सहारे इस गाय को निकालने का प्रयास किया। किंतू सफलता नही मिलने पर अंतत गौशाला की सुरक्षा टीम के सहारे से गाय को किसी तरह मशक्कत के बाद निकालकर उसे टेक्टर के सहारे स्थानीय गौ शाला पहुचाया गया। जंहा पशु चिकित्सक से उसका उपचार भी शुरू करा दिया गया है। आज जागरूक सदस्यो ने इस गडडे को भरने के लिये भी जवाबदेहो को सुचना दे दी है। ज्ञात हो इसी गडडे मे पूर्व मे भी दो गाय गिरकर जीवन और मौत का संघर्ष कर चुकी है।















दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# वारासिवनी तहसील में आखिर नहरों का कब होगा जिर्णोद्धार..

### रामपायली कस्बीटोला की जर्जर नहर ने खरीफसे रबी फसलों तक मिटाई किसानों की आस..

### तीन गांव सिंचाई संकट के कगार पर..

राजेश चौहान, जगप्रेरणा रामपायली।

***कृषक भारतीय संगठन जिलाध्यक्ष कुंजबिहारी मुन्नू दुबे ने क्षेत्र के विधायक का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है कि वारासिवनी तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरने वाली प्रमुख सिंचाई नहर की दयनीय हालत ने अब विकराल रूप धारण कर लिया है।***

नहर की जर्जर स्थिति ने न केवल खरीफकी धान फसल बल्कि आगामी रबी सीजन की फसलों पर भी गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। आसपास के तीन राजस्व ग्रामों के किसान सिंचाई के अभाव में अपनी फसलों को सुरक्षित रखने में नाकाम होते दिख रहे हैं।

इस मामले को लेकर कृषक भारतीय संगठन के जिलाध्यक्ष कुंज बिहारी मुन्नू दुबे ने कहा कि उन्होंने पहले भी विधायक महोदय को अवगत कराया था, लेकिन आज तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिलाध्यक्ष दुबे ने इस स्थिति को 'किसानों के साथ अन्याय' करार देते हुए कहा कि नहर के टूटे पाट, गाद की भरमार और जल प्रवाह में आ रही बाधाओं के कारण रबी सीजन में गेहूं, चना और सरसों जैसी फसलों के लिए आवश्यक पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खेतों की भूमि फट रही है और किसान पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।





रबी फसल पर संकट को गहराता देख जिलाध्यक्ष कुंज बिहारी मुन्नू दुबे ने चेतावनी देते हुए कहा, बालाघाट जिले की पहचान धान की उत्पादक भूमि के रूप में रही है, लेकिन जब नहरें ही नहीं चलेंगी तो रबी की फसलें भी दम तोड़ देंगी।

यह सिर्फएक नहर का मामला नहीं, यह पूरे सिंचाई तंत्र के चरमराने का संकेत है। जिला प्रशासन को इस संबंध में बेहतर सुझाव भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन चाहे तो नहरों की सफाई और मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू कराकर रबी सीजन से पहले किसानों को राहत पहुंचाई जा सकती है।

ज्ञात हो कि रामपायली कस्बीटोला सहित सभी जर्जर नहर खंडों की मरम्मत और गाद निकासी के लिए विशेष अभियान सुनिश्चित होना चाहिए। नहरों में पानी छोड़े जाने की समयबद्ध योजना बनाई जाए ताकि रबी फसलों की सिंचाई सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन नहर विभाग और किसानों की संयुक्त बैठक आयोजित कर समस्याओं का मौके पर समाधान करे। धान के साथ-साथ रबी फसलों को ध्यान में रखते हुए जिले में सिंचाई के स्थायी इंतजामात किए जाने की अपेक्षा किसानों को सदैव बनी रहती है

बालाघाट जिले में धान मुख्य फसल है, लेकिन रबी की फसलें किसानों की आर्थिकी का दूसरा स्तंभ हैं। यदि सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त हो जाए तो बालाघाट धान और अन्य फसलों के उत्पादन में प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त कर सकता है और किसान समृद्ध हो सकते हैं।

अब किसानों ने अपनी संयुक्त राय में बताया कि जिला प्रशासन और शासन का ध्यान इस ओर जाएगा नहरों को दुरुस्त करने की दिशा में कार्रवाई शीघ्र शुरू की जाने मांग करते हुए आगे किसानों का कहना है कि यदि रबी सीजन से पहले पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो बड़े पैमाने पर फसल बर्बादी का संकट मंडराने लगेगा?

# सरकार की योजनाओं की जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचे - रामकिशोर कावरे..

### कटंगी नगर में हुआ भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान 2026

### अब मतदान केंद्र पर लगाए जाएंगे वर्ग प्रशिक्षण शिविर..




जगप्रेरणा कटंगी।

***भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय इकाई प्रदेश इकाई जिला इकाई के निर्देशन में कटंगी नगर के चारों मंडलों का 24 घंटे का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियां 2026 कटंगी नगर के प्रशांत वाटिका में 28 और 29 मार्च को संपन्न हुआ।***

प्रशिक्षण महा अभियान के समापन पर अभियान में पहुंचे बालाघाट के भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे ने एक प्रेस वार्ता ली। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमुख रूप से कटंगी खैरलांजी क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी, गोपाल आडवाणी जिला उपाध्यक्ष विधानसभा प्रभारी, मेष देशमुख पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कटंगी, मुकेश चौकसे मंडल अध्यक्ष भाजपा पश्चिम, सौरभ ठाकरे मंडल अध्यक्ष भाजपा पूर्व, अविनाश देशमुख मंडल अध्यक्ष भाजपा तिरोड़ी, योगेश सोनवाने मंडल अध्यक्ष भाजपा महकेपार ,अजय मेश्राम वार्ता में रहे।

### भाजपा व्यक्ति की नहीं विचारधारा की पार्टी - रामकिशोर कावरे

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने प्रशिक्षण शिविर महाभियां को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी किसी की व्यक्तिगत पार्टी नहीं वह विचारधारा की पार्टी है। हमारी पार्टी में सभी प्रकार के विचारों के लोग हैं। भाजपा का इतिहास बहुत पुराना है। इतिहास बहुत कठिन रहा काफी संघर्ष किया गय। हमारे नेता श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए अपना बलिदान तक दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चलने वाली हमारी पार्टी आज पूरे देश में पहले नंबर की पार्टी बन चुकी है। भाजपा गरीब मजदूर महिलाओं और युवाओं के लिए बहुत सी योजना लाई है जो प्रदेश और भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है। हमने जिस विचारधारा से सरकार बनाई है इसका लाभ जन जन को मिल रहा है। अक्टूबर 1951 में हमारी पार्टी बनी। श्री कावरे ने भाजपा के इतिहास के बारे में बताया और कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत रखना बताया वही कहा कि पहले जिले में वर्ग लगा करता था परंतु अब पार्टी के आदेश पर मंडल में भी वर्ग की शुरुआत हो गई है। आगामी दिनों में मतदान केंद्र में भी वर्ग लगाया जाएगा।

### शिविर में कार्यकर्ताओं को दिया गुरु मंत्र, योजनाओं की दी जानकारी.. - गौरव सिंह पारधी

विधायक गौरव सिंह पारधी ने बताया कि 28 मार्च की शाम 4:30 बजे से 29 मार्च के शाम 4:30 बजे तक 24 घंटा 2 दिन तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के संगठन को मजबूत कैसे करना है, यह गुरु मंत्र दिया गया। वही केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया और अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि योजना की जानकारी हर किसी कार्यकर्ता को मतदाता तक पहुंचानी है और योजना का लाभ जरुरतमंद को मिल रहा है कि नहीं? वह पात्र है कि नहीं? इस बात का ध्यान भी हमें रखना होगा। हमारे यही प्रयास सरकार की योजनाओं को सफल बनाएंगे और मतदाता को यदि सहीं तरह से फायदा मिलेगा तो भविष्य में फिर केंद्र और प्रदेश में हमारी सरकार बनेगी। विधायक गौरव पारधी ने कहा कि कटंगी विधानसभा में 6 मंडल है। 2 दिन पहले कटोरी और मिरकपुर मंडल में प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ है। अब चार मंडल का कटंगी में हुआ है।

### कटंगी में दो दिनों तक चला प्रशिक्षण महा अभियान

गौरतलब है कि प्रशिक्षण के प्रथम दिन विनय ठाकुर द्वारा कार्य पद्धति की जानकारी दी गई। अजय मेश्राम द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। श्रीमती कल्पना मर्सकोले द्वारा भोज प्रबंध एवं मन की बात के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला महामंत्री नरेंद्र भैरम द्वारा वैचारिक अधिष्ठान वैचारिक आधार के बारे में बताया गया। प्रवीण मेश्राम द्वारा सोशल मीडिया और सरल ऐप के बारे में बताया गया। महेंद्र सुराना द्वारा कार्य विस्तार के बारे में बताया गया। ज्ञात हो कि कटंगी नगर के प्रशांति वाटिका में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियां 2026 के आयोजन में चारों मंडल के और कटंगी नगर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी महिला मंडल और युवा शक्ति उपस्थिति रहे।

# बालाघाट की बेटी चारू राहंगडाले बनीं माइनिंग इंस्पेक्टर, मेहनत से रचा सफलता का नया इतिहास


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।।
मो। 9329033433






जगप्रेरणा बालाघाट।

***कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। इस बात को सच कर दिखाया है बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील के छोटे से ग्राम सिंगोड़ी की बेटी सुश्री चारू राहंगडाले ने, जिन्होंने अपनी लगन और संघर्ष के दम पर माइनिंग इंस्पेक्टर बनकर पूरे जिले का नाम रोशन किया है।***

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित खनि निरीक्षक परीक्षा 2023 में सफलता प्राप्त कर चारू ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी पहली पदस्थापना डिंडोरी जिले में हुई है, जो उनके सपनों की उड़ान का पहला बड़ा पड़ाव है। चारू की सफलता के पीछे उनकी स्पष्ट सोच और निरंतर प्रयास की कहानी छिपी है। उन्होंने होलकर साइंस कॉलेज से अपनी स्नातक शिक्षा पूरी की, जो देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय से संबद्ध है। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने अपने लक्ष्य को तय कर लिया था और उसी दिशा में पूरी मेहनत और समर्पण के साथ जुट गईं। उनकी इस सफलता में उनके माता-पिता का विशेष योगदान रहा। पिता श्री टीकाराम राहंगडाले और माता श्रीमती रुपाली राहंगडाले ने हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

हाल ही में पांढुर्णा में आयोजित एक कार्यक्रम में डॉ. मोहन यादव द्वारा चारू को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। यह पल उनके जीवन का सबसे गर्वपूर्ण क्षण बन गया, जिसने उनके संघर्ष को एक नई पहचान दी।

चारू की इस उपलब्धि से ग्राम सिंगोड़ी ही नहीं, बल्कि पूरे बालाघाट जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। उनकी सफलता आज के युवाओं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई है।

यह कहानी सिर्फएक उपलब्धि की नहीं, बल्कि उस विश्वास की है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर हो, तो हर सपना साकार किया जा सकता है।


लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..

प्रो. पियुष सिंह बैस

फैशन फैक्ट्री

For Boys & Girls

वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..



मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882


# वारासिवनी, खैरलांजी, बुदबुदा, रामपायली, सतोना मंडल में दो दिवसीय भाजपा प्रशिक्षण वर्ग संपन्न..

### जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल सहित दिग्गज नेताओ ने कार्यकर्ताओ मे भरा नया जोश..









जगप्रेरणा वारासिवनी।

***भाजपा नगर मंडल और रामपायली मंडल के संयूक्त तत्वाधान मे आयोजित पं दिनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आज गौरवशाली परंपरा के अनुरूप शुभारंभ किया गया।***

कार्यक्रम मे वक्ता के रूप मे विशेष रूप से रामकिशोर कावरे जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने भी शामिल होकर कार्यकर्ताओ मे एक नया जोश भर दिया। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा व मिलिन्द नगपुरे के साथ पुरी कार्यकारिणी ने सफल बनाने मे सक्रिय योगदान दिया।

भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक आधारशिला को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा फूंकने के उद्देश्य से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का दो दिवसीय भव्य आयोजन श्री परशुराम भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आवासीय वर्ग में कार्यकर्ताओं ने अनुशासन और समर्पण का अनूठा उदाहरण भी पेश किया। प्रशिक्षण के दौरान आयोजित 8 महत्वपूर्ण सत्रों में विशेषज्ञों ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।

प्रदीप जायसवाल' (विधानसभा प्रभारी) ने प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुये मध्य प्रदेश के बदलते आर्थिक परिदृश्य का एक सशक्त खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने आंकड़ों के माध्यम से राज्य की प्रगति को रेखांकित करते हुए बताया की आय में ऐतिहासिक वृद्धि, प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय केवल एक संख्या नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक आत्मनिर्भरता का ठोस प्रमाण है। लाड़ली बहना योजना सामाजिक क्रांति का आधार है। प्रदेश मे महिलाओ को आर्थिक संबल बनाकर शुरुआत 1250 रूपये से करते हुये इसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बढ़ाकर अब 1500 रूपये प्रतिमाह कर दिया गया है।

विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की गौरवशाली विकास-यात्रा और वैचारिक संघर्षों के मील के पत्थरों को रेखांकित करते हुए विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने भाजपा की स्थापना और वैचारिक आधारो को रखकर 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की उदय की जानकारी देकर कहा की यह केवल एक दल का गठन नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद की एक नई चेतना का उदय था। उन्होने कहा की हमारी यात्रा 1984 में मात्र 2 सीटों से शुरू हुई थी। शून्य से शिखर की ओर बढ़ते हुए भाजपा ने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। जन-जागरण और राष्ट्रव्यापी स्वरूप श्रद्धेय लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में इस आंदोलन ने एक विराट राष्ट्रव्यापी स्वरूप धारण किया। जिससे जन-जन के मन में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अलख जगी।

वरिष्ठ पदाधिकारी नरेंद्र भैरम ने कहा की वैचारिक अधिष्ठान ही हमारी असली शक्ति है। जब विचार स्पष्ट होता है, तो संगठन अजय बनता है। जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले ने बूथ जीता तो चुनाव जीता के मूल मंत्र को सभी के सामने रखा।

वक्ताओ मे अभय कोचर, जितेंद्र सिंह मोहारे एवं अभय सेठिया वक्ताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों, कार्य विस्तार की योजनाओं और भाजपा की विशिष्ट कार्य पद्धति पर बारीकियों से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल के समस्त पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, मोर्चा अध्यक्ष, सरपंच एवं जनपद सदस्य उपस्थित रहे।

इसी तरह पंडित दिनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 विषय अंतर्गत खैरलांजी मण्डल में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को एकात्म मानववाद, अंत्योदय और पार्टी की विचारधारा से अवगत कराकर नया जोश भर दिया। प्रमुख वक्ताओं में सर्वश्री जितेंद्र मोहारे जिला उपाध्यक्ष, निरंजन बिसेन,प्रदीप शरणागत,गजेंद्र भारद्वाज आदि ने भी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम को बेहद सफल बनाने में मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला के साथ समूची कार्यकारिणी का विशेष योगदान रहा। बुदबुदा मंडल के कार्यक्रम मे प्रदीप जायसवाल के साथ किशोर अमूले, जीतेन्द्र मोहारे, प्रदीप शरणागत, वेदप्रकाश पटेल मंडल अध्यक्ष, अनिश मिश्रा आदि ने कार्यकताओ को पार्टी की विचारधारा से परिचीत कराया।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा
# लांजी किरनापुर
● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## अयोध्या की पावन मिट्टी से निर्मित श्रीराम दरबार बना आकर्षण का केंद्र

**नौ दिवसीय आयोजन हुआ सम्पन्न..**







जगप्रेरणा लांजी।

***धर्म नगरी लांजी में बेटा बचाओं राष्ट्रीय अभियान की सचिव जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे एवं समस्त श्री राम भक्तों के द्वारा नवरात्रा के पावन अवसर पर नगर के***

हृदय स्थल सुभाष चौक लांजी में भव्य श्री राम जी, माता जानकी एवं श्री हनुमान जी महाराज की प्रतिमा स्थापित कर 9 दिनों तक पूजन अर्चन किया गया। यह पहली बार हुआ होगा जब कि नवरात्रा के पावन पर्व पर श्री राम दरबार की स्थापना नगर में की जाकर विधि विधान से पूजन अर्चन एवं धार्मिक आयोजन आयोजित किये गये। इस लिये भी यह प्रतिमाऐं आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है क्योंकि सभी प्रतिमाओ के लिये अयोध्या धाम उत्तरप्रदेश की पावन भूमि से मिट्टी लाकर सभी विराजित प्रतिमाओं का निर्माण उक्त श्रीराम भक्त समिति के द्वारा करवाया गया है। आकर्षक साज सज्जा एवं भव्य पण्डाल में प्रभु श्रीराम, माता जानकी एवं प्रभु श्री हनुमान जी के साथ विराजे है। पण्डाल परिसर में 9 दिनों श्रीराम नवमी तक विशेष पूजन अर्चन भजन संध्या, महाआरती का आयोजन किया गया। साथ ही रोजाना महाप्रसाद भी समिति के द्वारा वितरित किया जा रहा है। इसके साथ ही अयोध्या धाम की पावन धरा से लाई हुई मिट्टी भी दर्शनार्थियों को भेंट की जा रही है। बेटा बचाओं राष्ट्रीय अभियान के अध्यक्ष ईश्वर उमरे एवं सचिव तथा जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे के द्वारा बताया गया कि इस संपूर्ण कार्यक्रम का मुल उद्देश्य नशा मुक्त राम राज्य का महा संकल्प, नशा हटाओं सिंदूर बचाओं, नशा एक अभिशाप है खुशियों का विनाश है आओ इस जड़ से मिटाये यही प्रभु श्रीराम की आस है। इन सभी संकल्पो के साथ उक्त श्रीराम महोत्सव का आयोजन किया गया था। श्री राम नवमी के दिन उक्त सभी प्रतिमाओं को एक झांकी के रूप में तैयार कर लांजी नगर का भ्रमण कराया गया जिनके दर्शन लाभ नगर एवं क्षेत्र की जनता ने लिया वहीं बेटा बचाओ राष्ट्रीय अभियान के अध्यक्ष ईश्वर उमरे ने बताया कि उक्त समस्त प्रतिमाओं का नगर भ्रमण करवाने के पश्चात प्रतिमाओं को ग्राम बोथली ले जाया गया जहां माँ दुर्गा की अन्नय भक्त श्रीमती मंथुराबाई जी के निवास स्थल पर स्थापित दुर्गा मंदिर में सभी प्रतिमाओ को अस्थाई रूप से स्थापित किया गया है। जो कि अगले दोबारा इन प्रतिमाओं को श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर स्थापित कर आयोजन किया जायेगा। श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर हुये इस आयोजन की क्षेत्र में सराहना की गई।

## श्री राम कथा में अहिल्या उद्धार व सीता स्वयंवर प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन..

### प्रभु प्रेम ही भक्ति की पराकाष्ठा: साध्वी पद्महस्ता भारती..







जगप्रेरणा लांजी।

***परम पूज्य श्री आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा लांजी रोड, आमगाव, जिला-गोंदिया में आयोजित***

सात दिवसीय भव्य श्री राम कथा का वाचन चल रहा है। कथा के तीसरे दिन 29 मार्च दिन रविवार को अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी किरनापुर की प्रमुख उपस्थिति में कथा व्यास साध्वी सुश्री पद्महस्ता भारती जी ने रामायण के अहिल्या उद्धार तथा सीता स्वयंवर प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने इन प्रसंगों में निहित दिव्य रहस्य को प्रभु प्रेम की संज्ञा देते हुए विस्तार से समझाया।

अपने प्रवचन में उन्होंने ग्रीक दार्शनिक प्लेटो के कथन 'हर आत्मा में ईश्वर का स्वरूप विद्यमान है' को उद्धृत करते हुए कहा कि भक्ति प्रभु प्रेम की पराकाष्ठा है। गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी की कृपा से ब्रह्मज्ञान पर आधारित ब्रेन अवेकनिंग (मस्तिष्क जागरण) कार्यक्रम के माध्यम से आज लाखों युवा तथा पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित आधुनिक वर्ग का भारतीयकरण एवं आध्यात्मिकीकरण हो रहा है। वर्तमान समाज की मुख्यधारा में रहते हुए भी वेदकालीन जीवन शैली अपनाकर जी रहे हजारों सेवादार और कार्यकर्ता कथा स्थल पर अपनी-अपनी सेवाओं में तत्पर दिखाई दे रहे हैं। मंच पर बैठे युवा साधु-साध्वी संगीतज्ञों द्वारा भक्ति गीतों का गायन सुनकर ऐसा प्रतीत होता है मानो भारत पुनः ऋषि-मुनियों की पवित्र भूमि बन गया हो। श्री राम कथा के माध्यम से कथाव्यास जी ने गुरुदेव की सभ्य समाज निर्माण की विचारधारा को प्रतिपादित किया। उन्होंने धनुष यज्ञ के रहस्य को उद्घाटित करते हुए कहा, 'भगवान शिव का धनुष प्रत्येक युग में अभिमान का नाश करने का महान कार्य करता है।'

सीता स्वयंवर में उपस्थित राजाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब सत्ताधारी व्यक्तियों में स्वाभिमान की जगह अभिमान आ जाता है तो वे भ्रष्ट हो जाते हैं। स्वाभिमान का अर्थ है प्रत्येक व्यक्ति में प्रभु की आत्मा को देखना। जब तक सत्ता में बैठा अधिकारी आध्यात्मिक रूप से जागृत नहीं होता, वह समाज का कल्याण नहीं कर सकता। वह केवल अपना ही स्वार्थ सिद्ध करता रहता है। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान, श्री आशुतोष महाराज जी की अध्यक्षता में संचालित एक सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य आध्यात्मिक जागृति के माध्यम से विश्व में शांति की स्थापना करना है। इसी लक्ष्य को लेकर संस्थान देश भर में विभिन्न समाज कल्याण प्रकल्प चला रही है, जिनमें प्रमुख हैं: नशा मुक्ति के लिए बोध प्रकल्प, अभावग्रस्त बच्चों की शिक्षा के लिए मंथन प्रकल्प, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संतुलन प्रकल्प, पर्यावरण संरक्षण के लिए संरक्षण प्रकल्प, गो संरक्षण, संवर्धन एवं नस्ल सुधार के लिए कामधेनु प्रकल्प, समाज के समग्र स्वास्थ्य के लिए आरोग्य प्रकल्प, आपदा प्रबंधन के लिए समाधान प्रकल्प, नेत्रहीनों एवं अपंगजनों के सशक्तिकरण के लिए अंतर्दृष्टि प्रकल्प, जेल के कैदियों के लिए अंतरक्रांति प्रकल्प, ये प्रकल्प संस्थान की आध्यात्मिक जागृति और सामाजिक सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## शासकीय माध्यमिक शाला बिसोनी शाला का 8 वीं बोर्ड में 97 प्रतिशत परिणाम..









जगप्रेरणा लांजी।

**विकासखंड लांजी अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला बिसोनी, संकुल केन्द्र शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांजी का कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम वर्ष 2025-26 में भी उत्कृष्ट रहा है।**

राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल द्वारा घोषित परिणाम में विद्यालय ने 97 प्रतिशत सफलता हासिल कर क्षेत्र में गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि विद्यालय विगत 5 वर्षों से लगातार बेहतर परिणाम दे रहा है। इस वर्ष भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय स्तरीय प्रावीण्य सूची (टॉप टेन) में अपना दबदबा कायम रखा।

प्रावीण्य सूची में प्रमुख स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कु. प्रिया देवगढे 86 प्रतिशत, कु. सायली वाघाडे 85.6 प्रतिशत, कु. मानवी मानकर 84.6 प्रतिशत, कु. साधना नेवारे 83 प्रतिशत, कु. यशिका उके 83 प्रतिशत, कु. संजना रक्शे 81.8 प्रतिशत, कु. प्रिया ब्रम्हपुरे 81.5 प्रतिशत, कु. वैष्णवी बम्बुरे 80.8 प्रतिशत, शिवम कुचलाहे 80 प्रतिशत, कु. रेखवंती कुचलाहे 79.8 प्रतिशत, कु. खुशी कचवाहे 79.3 प्रतिशत एवं कु. रितिका चौधरी 79.3 प्रतिशत शामिल हैं। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष प्रेमलाल पोर्रे, उपाध्यक्ष सीमा मेश्राम सहित समस्त एसएमसी सदस्यों, प्रधानपाठक के. सी. गुरदे, परीक्षा प्रभारी एल. आर. पीपरे, शिक्षकगण जे. एल. लिल्हारे, आर. के. कुशले, डी. के. कारसर्पे, एम. के. सोनवाने, एस. के. बोरकर, सीमा चौके, प्रियंका आसटकर, संगीता रहमतकर तथा जनशिक्षक डी. आर. रणदिवे एवं प्रदीप मुरकुटे ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## नगर परिषद लांजी में 4 मनोनित पार्षद नियुक्त, विकास कार्यों को मिलेगी गति



श्रीमती सुशीला



आलोक



अविनाश



श्रीमती प्रगति

जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के द्वारा 29 मार्च को आदेश जारी कर प्रदेश के विभिन्न महानगरपालिका, नगर पालिका, नगर परिषद में मनोनित पार्षद नियुक्त किये गये है।***

जारी के अनुसार मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 19 की उप धारा 1, के खण्ड ग, प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य शासन एतद् द्वारा नगर परिषद लांजी में वर्तमान परिषद से सहविस्तारी कार्यकाल या राज्य शासन के अन्य आदेश तक जो भी पहले हो तक के लिये पार्षद के रूप में नाम निर्दिष्ट करता है। जिनमें नगर परिषद लांजी में 4 पार्षदो को मनोनित किया गया है। जिनमें आलोक पिता घनश्याम चौरसिया वार्ड क्रमांक 03 लांजी, श्रीमती सुशीला अशोक दुग्गड़ वार्ड क्रमांक 12 लांजी, श्रीमती प्रगति नवल पालीवाल वार्ड क्रमांक 12 लांजी, अविनाश पिता राजेन्द्र प्रसाद रैंच वार्ड क्रमांक 04 लांजी को नगर परिषद लांजी में बतौर मनोनित पार्षद नियुक्त किया गया है। बतादे कि 4 पार्षदो के मनोनयन पर विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, समस्त पार्षद, गण सहित भारतीय जनता पाटी के पदाधिकारी, सदस्य गणो ने बधाई प्रेषित की है। इन मनोनित पार्षदो को उद्देश्य नगर के विकास कार्यो में सहयोग करना, जन समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा। साथ ही नगर में स्वच्छता, पेयजल सडक़ और अन्य मुलभूत सुविधाओं के सुधार में सक्रिय भूमिका निभाऐंगे।

सुश्रुत क्षारसुत्र व आयुर्वेद पंचकर्म सेंटर
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग



अत्याधुनिक व्हेसल सिलर, लेजर व क्षारसुत्र द्वारा दर्दरहित सफल चिकित्सा



व्हेसल सिलर मशिन



व्हेसल सिलर क्लैम्प



लेजर

डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Scholar) CCKS (Guj)
मुळव्याध, भगंदर व गुदारोग विशेषज्ञ

डॉ. सौ. अपर्णा खोब्रागडे
BAMS, D.P.C. (Mumbai)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक

साकेत पब्लिक स्कुल के पास, गणेश नगर, गोंदिया (महाराष्ट्र)
मोबा. 09823021274

### ग्राम पंचायत कुलपा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 29/03/2026

**।। निविदा सुचना।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुलपा जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 30 /03/2026 से 05/04/2026 तक जी एस टी रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत कुलपा में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच
सुनैना जतिन नागपुरे

उपसरपंच
डॉ बसंत हरिनखेड़े

सहायक. सचिव - संतोष बैस एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कुलपा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत में एकता, धैर्य और समझदारी की जरूरत

आज का समय विश्व के लिए अत्यंत संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण बन गया है। इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और संघर्ष ने न केवल मध्य-पूर्व क्षेत्र को प्रभावित किया है, बल्कि इसका असर पूरी दुनिया पर दिखाई दे रहा है। इस युद्ध जैसे हालात ने वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था और आम जनजीवन पर गहरा प्रभाव डाला है। ऐसे कठिन समय में भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह सतर्कता, एकता और समझदारी के साथ इस संकट का सामना करे।

भारत सरकार इस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और देश के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। चाहे वह विदेश नीति के माध्यम से संतुलन बनाए रखना हो, तेल आपूर्ति को सुनिश्चित करना हो या देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना—सरकार हर स्तर पर सक्रिय है। ऐसे में देश के नागरिकों का कर्तव्य बनता है कि वे सरकार के प्रयासों में सहयोग करें। जब जनता और सरकार एक साथ मिलकर काम करते हैं, तभी किसी भी बड़े संकट का प्रभाव कम किया जा सकता है।

वर्तमान समय में एक और बड़ी चुनौती सोशल मीडिया के रूप में सामने आती है। इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने जहां सूचना को तेजी से फैलाने का माध्यम दिया है, वहीं यह अफवाहों और भ्रामक खबरों का भी केंद्र बन गया है। इजराइल-अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे तनाव को लेकर कई तरह की अपुष्ट और भ्रामक खबरें सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं। इन खबरों के कारण लोगों में अनावश्यक भय, भ्रम और असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि हम बिना सत्यापन के किसी भी खबर पर विश्वास न करें और न ही उसे आगे बढ़ाएं। हमें केवल आधिकारिक स्रोतों और विश्वसनीय समाचार माध्यमों पर ही भरोसा करना चाहिए।

संकट की इस घड़ी में जहां एक ओर एकता और सहयोग की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर यह भी देखा जा रहा है कि कुछ विपक्षी राजनीतिक दल इस स्थिति को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने लगे हैं। वे सरकार के हर कदम पर सवाल उठाकर और आलोचना करके राजनीतिक लाभ प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। लोकतंत्र में आलोचना का अपना महत्व है, लेकिन जब देश एक वैश्विक संकट से जूझ रहा हो, तब केवल आलोचना करना और राजनीति करना उचित नहीं माना जा सकता। ऐसे समय में सभी राजनीतिक दलों को मिलकर देशहित में काम करना चाहिए और सरकार को रचनात्मक सुझाव देकर स्थिति को बेहतर बनाने में योगदान देना चाहिए।

भारत एक ऐसा देश है, जिसने हमेशा कठिन परिस्थितियों में धैर्य और एकजुटता का परिचय दिया है। चाहे वह प्राकृतिक आपदाएं हों या वैश्विक संकट, भारतीय समाज ने हर बार मिलकर इन चुनौतियों का सामना किया है। आज फिर वही समय है, जब हमें अपने कर्तव्यों को समझते हुए जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करना होगा। हमें न केवल अपने स्तर पर सतर्क रहना है, बल्कि दूसरों को भी जागरूक करना है कि वे अफवाहों से दूर रहें और देश के हित में सोचें।

इस वैश्विक संकट का प्रभाव केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर आम नागरिकों के जीवन पर भी पड़ सकता है। तेल की कीमतों में वृद्धि, वस्तुओं के दामों में उतार-चढ़ाव और आर्थिक अस्थिरता जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं। ऐसे में हमें धैर्य और संयम बनाए रखना होगा और किसी भी प्रकार की घबराहट से बचना होगा। सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों पर विश्वास करना और उनका पालन करना ही इस समय सबसे उचित मार्ग है।

लेखक



हरीश नाग

अंततः, यह कहा जा सकता है कि इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच उत्पन्न इस वैश्विक संकट के समय हमें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

सरकार के साथ सहयोग करना, सही जानकारी पर भरोसा करना और राजनीति से ऊपर उठकर देशहित को प्राथमिकता देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब पूरा देश एकजुट होकर इस चुनौती का सामना करेगा, तभी हम इस संकट से सुरक्षित और सशक्त होकर बाहर निकल पाएंगे।

## दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे खुद सफ़लताएं आकर नतमस्तक होकर कदम चूमती है

गोंदिया - सृष्टि रचनाकर्ता ने मानवीय जीव के रूप में बहुत ही खूबसूरत रचना कर उसमें अनेक गुण दोषों का संयोजन उसने कर दिया है और उनका चुनाव करने के लिए श्रेष्ठ बुद्धि कौशलता रुपी एक सशक्त अस्त्र भी दिया है, बस !अब अपने जीवन चक्र को सफलताओं या असफलताओं की ओर ले जाना मानवीय जीव के हाथ में है।माननीय जीवन ने गुणों क़े उनके गुणों में से एक इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण गुण है जो सफलता की चाबी भी है,परंतु न जाने क्यों हम इसको अनदेखा कर देते हैं और हम असफल हो जाते हैं और उसका दोष किस्मत या सृष्टि रचनाकर्ता को देते हैं जबकि उसनें मनुष्य जीव में गुणों का अंबार भरा है, बस !जरूरत है हमें अपने बुद्धि कौशलता से उसे पहचान कर प्रयोग करने की,तो सफलता आकर हमारे कदम चूमेगी।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि दृढ़ इच्छाशक्ति यह सफ़लताओं की चाबी है।मजबूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी हो जाती है, क्योंकि प्रबल इच्छा शक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है जिसके बल पर हम बड़ी से बड़ी पहाड़ तुल्य समस्याओं से भी यूं मुकाबला कर फ़तह हासिल कर सकते हैं। साथियों हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही आपको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है।

साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति की परिभाषा की करें तो, इच्छाशक्ति वह वृत्ति चक्र है जिसके अंतर्गत प्रत्यय, अनुभूति इच्छा, गति या प्रवृत्ति, शरीर धर्म सबका योग रहता है। जो संकल्प को साकार करने का माध्यम बनती है वह इच्छाशक्ति कहलाती है। ऐसी बलवती इच्छा को जिसकी ज्योति अहर्निश कभी मंद न हो, उसे दृढ़ इच्छाशक्ति कहते हैं। हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही हमको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है।

साथियों बात अगर हम दृढ़ इच्छाशक्ति के टाइमिंग की करें तो, जीवन में किसी भी चीज को पाने के लिए मेहनत से पहले मजबूत इच्छाशक्ति का होना बेहद जरूरी है। जैसे, कई बार ऐसा होता है कि व्यक्ति शुरुआत में किसी चीज को पाना चाहता है लेकिन धीरे-धीरे उसका हौंसला टूटने लगता है या उसका मन बदल जाता है, ऐसा कमजोर इच्छाशक्ति के कारण होता है इसलिए किसी भी चीज को पाने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति का होना बहुत जरूरी है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं, ऐसी बातें जिनपर अमल करके हमारी इच्छाशक्ति मजबूत होगी। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति को मजबूत करने की करें तो, अपने काम पर दृढ रहें, अपनी इच्छा शक्ति को बहुत ज्यादा मजबूत बनाने के लिए यह भी एक बहुत ही अच्छा तरीका है कि हम अपने काम पर बहुत जबरदस्त तरीके से फोकस करें। यानें हम अपने काम पर दृढ़ रहें। कोई कुछ भी कहे अगर हमने यह मन बना लिया है कि हमको ये काम करना है तो हमको ये काम करना ही करना है। हमको किसी और बातों पर ध्यान नहीं देना है। अगर हम अपने काम पर दृढ रहेंगे तो हमारा दिमाग यह बात समझ लेगा कि यह चीज हमारे जीवन में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है इसलिए हम इस काम को बहुत ही दिल से मन लगा कर दृढ़ प्रतिज्ञ होकर कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम इच्छाशक्ति के लिए लक्ष्यों की करें तो, हम अपना लक्ष्य निश्चित करें अगर हमको हमारे जीवन में सफलता चाहिए तो यह हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि सबसे पहले हम हमारे जीवन में अपने लक्ष्य को निश्चित करें। तब ही हम किसी चीज को अपने जीवन में फॉलो कर पाओगे। नहीं तो ऐसे हम अपने जीवन में किस चीज को फॉलो करोगे, किस चीज के लिए हम विल पावर बढ़ाएंगे, तो सबसे पहले हमारे लिए जरूरी है कि हम अपने जीवन में लक्ष्य को निर्धारित करें। एक बार हम अपने जीवन में अपने लक्ष्य को निर्धारित कर लेंगे उसके बाद हमारा दिमाग लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने लगेगा। बस हम अपने लक्ष्य पर दृढ़ रहें।

साथियों बात अगर हम इच्छाशक्ति को जगाने की करें तो, निम्न बिंदुओं पर अभ्यास कर इच्छाशक्ति को जाग्रत किया जा सकता है। इच्छाशक्ति को मजबूत बनाने के लिए शुरुआत करने के लिए सबसे पहले हमें तनाव के स्तर का प्रबंधन करने की जरूरत होती है।(1) सकारात्मक नजरिया (2)तनाव प्रबंधन करना सीखें (3) खुद पर पूरा विश्वास रखें (4)बेहतर ऊर्जा प्रबंधन करें (5) अंतः शक्तियों को केंद्रीभूत करें (6) स्वयं के प्रति ईमानदार बनें (7) सही पोषण, योग और व्यायाम।

साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति के टॉनिक की करें तो, जैसे हैं वैसे ही बने रहें दिखावा बिल्कुल भी मत करें हम जैसे भी हो वैसे ही बने रहें। किसी भी प्रकार का कोई शो ऑफ करने की कोई जरूरत नहीं है। अगर हम कोई एक चीज जैसे हो वैसे ही प्राप्त करते हो तो वह चीजें हमको जिंदगी भर तक हमारे साथ रहती है और हमको अच्छा रिजल्ट भी मिलता है। दरअसल यह चीज हम अपने वास्तविक परिश्रम से हासिल किए रहते हो इसलिए वह जिंदगी भर हमारे साथ रहती है और यह हमारी इच्छा शक्ति को बढ़ाता है। ना केवल हमारी इच्छा शक्ति को बढ़ाता है बल्कि हमारे आत्मविश्वास को भी सटीक रूप से बढ़ाता है। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति के रोडमैप की करें तो, पेपर पर अपने लक्ष्य को लिखें इसके लिए हमको थोड़ी दिमागी कसरत भी करनी पड़ेगी। बेहतर होगा कि हम अपना लक्ष्य पेपर पर लिखकर उससे जुड़ी चुनौतियां भी लिख लें, इससे हमको उन चुनौतियों से कैसे लड़ना है, यह भी अंदाजा हो जाएगा। आत्मविश्वास और इच्छाशक्तिजीवन में कई बार ऐसे मौके आएंगे, जब हमारा विश्वास डगमगाने लग जाएगा और हमको लगेगा कि हमारा लक्ष्य व्यर्थ है, लेकिन उस वक्त हमको इन नकरात्मकताओं से दूर रहकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना है। साथियों बात अगर हम इच्छाशक्ति को चिंता से दूर करने की करें तो, चिंता ना करें, चिंतन करें: किसी भी बात की चिंता मत करें। बल्कि उसके बारे में चिंतन करें कि इसका समाधान क्या हो सकता है। इससे एक तो हमारी मानसिक शक्ति बढ़ेगी और दूसरा हमारी समस्याओं का समाधान भी होगा।

रचनाकार




एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

यह एक ऐसा अभ्यास है, इससे धीरे-धीरे हम इतने मजबूत हो जाएंगे कि हमको हर मुश्किल एक अवसर लगेगी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि श्रेष्ठ और दृढ़ इच्छाशक्ति सफलता की चाबी है! मजबूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी होती है। प्रबल इच्छा शक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है-दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे खुद सफलताएं नतमस्तक होकर कदम चूमती है।


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 81



Åij l| uhp| !& 1) होशियार 2) गीला 3) नीचे डालना 4) पर्यंत 5) युद्ध 6) सोने–चांदी का व्यापारी 7) निंदा करना अर्थवाला एक मुहावरा 8) मुसलमानों की मक्के की यात्रा 9) घंटे का ध्वनि 11) जिद्दी 12) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके शरद पवारजी का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 13) अनोखा, नवीन 15) समुद्र में लगनेवाली आग 18) गणित में वह क्रिया जिससे किसी ज्ञात राशी की सहायता से अज्ञात राशी का पता लगाया जाता है 20) गंदगी 23) एकत्र 25) नकली, बनावटी 27) रिश्ता 28) सरोवर, कमलों का समूह 29) सेना 31) दिवाल 33) जुल्मी, सितम ढानेवाला 35) भोज, निमंत्रण 37) अन्न आदि का समूह, ढेर 38) आलसी 40) वफ़ा 42) ........ मेहमूद, पुराने जमाने के एक फिल्मी गायक का नाम 43) अपमानित 45) एक मुगल सम्राट 47) हमेशा 49) कागज का काटे गये टुकड़े 50) अच्छा दिखना 52) रत्न, मणि 53) लाश को जलाने की क्रिया 54) साधुओं या भिक्षुकोंद्वारा इस्तेमाल किया जानेवाला धातु का पात्र 55) घोड़े को काबू में रखनेवाला चमड़े की पट्टी 57) एक ऋषी का नाम, लोध का वृक्ष 59) बिलकुल, पूर्णरुप से 61) एक ऋतु 62) जेवर 65) कमल के समान सुन्दर हाथ 69) भयभीत होना 71) भारतीय फिल्मों के जनक का कुल नाम 73) विजय 74) तूणीर 77) गायन आदि का अभ्यास (उर्दू) 78) एक देश, शास्त्रीय संगीत का एक राग 79) दिवस 81) प्रवेश करना 83) मार्ग 84) खेत की उपज 86) मान–सन्मान, आवभगत 88) किरण 89) फिल्म 'वास्तव' में संजय दत्त के मां की अदाकारी करनेवाली चरित्र अभिनेत्री 91) मापना 92) भगिनी 94) शरीर के त्रिदोषों में से एक 95) देनेवाला, भेट, उपहार 97) गरमी के मौसम में कमरे में ठंड़क लाने के लिए इस्तेमाल किया जानेवाला बड़ा उपकरण (अं.) 99) थकान 100) चित्र 101) काम बंद करके किया गया आन्दोलन 103) गायब, चंपत 106) श्रीलंका के एक प्रमुख आतंकवादी संघठन के नाम का संक्षिप्त रुप 110) लोच 112) चार युगों में से एक 113) अनुमान 114) पुलीस को खबर देनेवाला 117) मुंछ निकलने से पहले की रोमावली 118) आधार (अं.) 119) लिप्त 120) कौम ●

ck;| l| nk;| !& 1) असंख्य, जिसकी गणना न की जा सके 5) हवा के चलने से होनेवाली ध्वनी 10) कृपालु 14) ईश्वर 16) मकान का कक्ष 17) शपथ 19) राम का जन्म 21) दशानन 22) घमंड 24) इतिहास में उल्लेखित एक मुगल सरदार जिसकी विद्रोही (धोखेबाज) के रुप में उपमा दी जाती है 26) स्थगित होना, हटना, खिसकना 28) पक्ष 29) ज्वालामुखी से निकलनेवाला तप्त रस 30) तेजी का विरुद्धार्थी शब्द 32) महीने का 34) खान, जहां से जमीन खोद कर धातुएं निकाली जाती है 36) सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की पत्नी का नाम 38) फूल 39) औषधी 41) ओर 42) तनने की क्रिया या भाव 44) बड़ा पत्थर 45) लोप, समाप्ती 46) विष्णू 47) किसानों का एक औजार 48) कष्ट, पीड़ा 51) धब्बा 54) हथेली 56) इच्छा करनेवाला, मांगने या चाहनेवाला 58) बकबक, बकवाद 60) काबू 62) जरुरतमंद 63) घड़ा, मटका 64) घोड़े के टापों पर लगाया जानेवाला लोहे का अर्धचंद्रकार टुकड़ा 65) हाथ 66) एक रंग 67) मजार, मकबरा 68) कोलकाता का एक हवाई अड्डा 70) फायदा 72) शतरंज की एक गोटी, मंत्री 74) दया 75) सीमा 76) श्रीफल 80) छोटा 82) हुज्जत, झगड़ा 85) पहर, तीन घंटे का समय 86) आगमन होना 87) नरसिंह 90) सुगंधित होना 92) अलम्, अधिकार 93) जनरव 96) अयोग्य 98) सौगंध 100) खलबली 102) पक्षपात, एखादे की तारीफ करना 104) तब, फिर 105) एक रंग 107) किसी नगर का वह प्रवेश स्थल जहां महसूल वसूल किया जाता है 108) जूट, साल 109) प्रासाद 111) धर्मशाला 113) किसी चीज का पहुंच से बाहर होना इस अर्थ की एक कहावत 115) रोम का एक भूतपूर्व राजा जिसके बारे में माना जाता है की रोम शहर जलते समय यह वाद्य बजा रहा था 116) करामात 118) जिसके आगे कोई ओट या परदा न हो 120) हरियाणा की एक जाति 121) सूर्य 122) कमी, दोष, त्रुटी 123) पुराने जमाने के एक प्रसिद्ध फिल्मी गीतकार 124) बुद्धि

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## मान्यवरों के संबोधन...!

१. वि. दा. सावरकर
○ ○ ○ ○ ○ र

२. बाल गंगाधर तिलक
○ क ○ ○ ○

३. इंदिरा गांधी
प्रि ○ ○ ○ ○ ○

४. वल्लभभाई पटेल
○ ○ र ○ ○ ○

५. सुभाषचंद्र बोस
○ ता ○

६. मोहनदास करमचंद गांधी
म ○ ○

## सू-डोकू- 81

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | 9 | 1 | | 8 | |
| 8 | | 9 | 4 | | | 5 | | 1 |
| | | 1 | | 8 | 7 | | 9 | |
| 9 | 8 | | 6 | | | 2 | | 5 |
| | | 4 | | 3 | 5 | 8 | | 9 |
| | 5 | 6 | 8 | | 9 | | 3 | |
| 6 | 1 | | 7 | | 2 | 9 | | 3 |
| | | | | 4 | | 1 | 5 | |
| 4 | | 5 | 9 | | 6 | | 2 | 8 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

I Mkd| 80 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 1 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 6 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 | 7 |
| 8 | 5 | 4 | 2 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 |



जग प्रेरणा

# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीवाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## अनाथ भारोत्तोलक इसाक ने चोटों से उबरकर खेलो इंडिया ट्राइबल खेलों में स्वर्ण जीता..


जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मिजोरम के युवा भारोत्तोलक इसाक मालसावमटलुआंगा सोलह वर्ष के होने से पहले ही अपने माता-पिता दोनों को खोने के बाद लगभग खेल छोड़ने की कगार पर पहुंच गए थे लेकिन इस त्रासदी और कमर की चोट से उबरकर उन्होंने खेलो इंडिया ट्राइबल खेल 2026 में पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।***

इसाक ने क्लीन एंड जर्क में शानदार प्रदर्शन किया। स्नैच में दूसरे स्थान पर रहने के बाद उन्होंने कुल 235 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जीत के तुरंत बाद उनके चाचा ने उन्हें गले लगा लिया, जो इस युवा खिलाड़ी के जीवन में एक मार्गदर्शक की तरह रहे हैं। दोहरी त्रासदी ने मिजोरम के इस किशोर को अंदर तक तोड़ दिया था, लेकिन उनके बचपन के कोच और चाचा-चाची के सहारे ने उनके खेल करियर को संभाल लिया।

इसाक के पिता हेमिंग मालसावमटलुआंगा की 2018 में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, उसी साल उन्होंने भारोत्तोलन में कैरियर की शुरुआत की थी। परिवार के इकलौते बेटे होने के कारण उनके सामने यह सवाल खड़ा हो गया था कि वह खेल जारी रखें या परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के लिए कमाई पर ध्यान दें।

इसाक ने साई मीडिया से बातचीत में बताया, 'उस समय मेरे बचपन के कोच सोमा ने मुझे बहुत प्रेरित किया और खेल जारी रखने के लिए कहा।'





फिर 2024 में हिमाचल प्रदेश में आयोजित युवा राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 60 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने के बाद जब उनका प्रदर्शन बेहतर होने लगा, तभी एक और निजी झटका लगा। उनकी मां को कैंसर का पता चला, जिससे परिवार पर भावनात्मक और आर्थिक दबाव बढ़ गया। इस कठिन समय में उनके चाचा और चाची उनका सहारा बने। आइजोल के रामह्लुन वेंगथर इलाके में एक छोटे से रेस्तरां में काम करने वाला यह दंपति इसाक को अपने साथ ले आया और उसकी पढ़ाई और खेल दोनों को निर्बाध जारी रखने में मदद की।

लेकिन उसी साल इसाक की मां का निधन हो गया, जिसने इस युवा खिलाड़ी को पूरी तरह तोड़ दिया। इसाक ने कहा, 'अपने माता-पिता दोनों को खोना मुझे अंदर से पूरी तरह तोड़ गया था। मैंने लगभग तय कर लिया था कि खेल छोड़ दूंगा, लेकिन मेरे चाचा और कोच ने एक बार फिर मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।'

इसाक 2024 से इम्फाल स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे हैं और साथ ही आइजोल से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के जरिए कक्षा 12 की पढ़ाई भी कर रहे हैं। धीरे-धीरे उनके प्रयास रंग लाने लगे। मोदीनगर में 2025 में आयोजित जूनियर प्रतियोगिता में उन्होंने एक और रजत पदक जीता और बाद में उसी वर्ष राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स से पहले उनकी तैयारियों में भी चुनौतियां कम नहीं थीं। अभ्यास के दौरान उन्हें पीठ में चोट लग गई थी, जिसके चलते उनके कोच ने उन्हें टूर्नामेंट से दूर रहने की सलाह दी थी। लेकिन इसाक ने हार नहीं मानी और रायपुर में मंच पर उतरकर अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा, 'मेरे पिता के निधन के बाद से मेरे चाचा हमेशा प्रतियोगिताओं में मेरे साथ जाते हैं। वह यहां भी मेरे साथ थे। जैसे ही मैंने पदक जीता, उन्होंने मुझे अपनी बाहों में उठा लिया। उस पल मुझे एहसास हुआ कि वह कितने खुश थे।'

### फिर बनेगी बॉलीवुड और क्रिकेट की जोड़ी?

## धुआंधार गेंदबाज के साथ नजर आईं खूबसूरत हीरोइन, गुपचुप रोमांस की उड़ने लगी खबरें..

डेस्क जगप्रेरणा।

***क्रिकेट और बॉलीवुड की दुनिया का गहरा रिश्ता रहा है और ऐसे कई क्रिकेटर्स हैं जिन्हें अपनी जिंदगी में असल प्यार फिल्मी दुनिया में मिला। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अब एक और जोड़ी की खबरें सामने आने लगी हैं***

जिसमें बताया जा रहा है कि एक खूबसूरत फिल्मी हीरोइन भारतीय क्रिकेट टीम के धांसू गेंदबाज को डेट कर रही हैं। हाल ही में दोनों को एक साथ भी देखा गया है। जिसके बाद फैन्स की जिज्ञासा और भी बढ़ गई है। ये हीरोइन कोई और नहीं बल्कि बिग बॉस फेम माहिरा शर्मा हैं। क्रिकेटर का नाम है मोहम्मद सिराज और दोनों के इश्क की चर्चा शुरू हो गई है।

### माहिरा शर्मा कौन हैं?

माहिरा शर्मा एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जिन्होंने बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों के साथ-साथ टीवी शो में भी काम किया है। मूल रूप से जम्मू और कश्मीर की रहने वाली माहिरा ने अभिनय जगत में कदम रखने से पहले अपनी पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 2017 में 'यारों का टशन' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। उन्होंने एकता कपूर के शो 'नागिन', 'बेपनाह प्यार' और 'कुंडली भाग्य' में भी काम किया है।



### माहिरा शर्मा के जाने-माने प्रोजेक्ट्स..

माहिरा को 2023 में पंजाबी फिल्म 'लेहंबर गिन्नी' में मुख्य भूमिका मिली, जिसमें उन्होंने गिन्नी का किरदार निभाया था। 2019 में, उन्होंने कलर्स टीवी के बिग बॉस सीजन 13 में भाग लिया और

फाइनलिस्ट में से एक रहीं। गौरतलब है कि वह 50 से अधिक म्यूजिक वीडियो में नज़र आ चुकी हैं। उनके कुछ लोकप्रिय म्यूजिक वीडियो में जस मानक का 'लेहंगा', 'रंग लगेया', 'लव यू ओये' और 'रा रा रीरी रीलोडेड' शामिल हैं।

### मुंबई में सिराज संग दिखीं माहिरा..

महिरा शर्मा का मुंबई के एक कैफे में नजर आने का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहा है, जिसमें क्रिकेटर मोहम्मद सिराज भी दिख रहे हैं। हालांकि, दोनों एक साथ टेबल पर बैठे हुए नहीं दिखे। वीडियो में माहिरा को कैफे से निकलकर अपनी कार की ओर जाते हुए देखा जा सकता है, जबकि मोहम्मद सिराज प्रशंसकों के साथ बातचीत कर रहे हैं, जिसमें तस्वीरें लेना और ऑटोग्राफ देना शामिल है।

## भारतीय मुक्केबाजों की नजरें एशियाई चैम्पियनशिप में मजबूत शुरूआत पर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय मुक्केबाज सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाते हुए साल के आखिर में होने वाले***



बहु-खेल टूर्नामेंटों के लिए सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिए नए व्यस्त सत्र की शुरुआत होगी, जिसमें जुलाई-अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं। इस चैम्पियनशिप के जरिए मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।

भारतीय टीम पिछले 15 दिन से मंगोलिया में है और मंगोलिया, चीन, जॉर्डन और थाईलैंड के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास कर रही है। महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन (51 किग्रा), मौजूदा विश्व चैम्पियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) और जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) करेंगी। लवलीना ने फरवरी में स्पेन में बॉक्सेम इंटरनेशनल जीता था। वहीं, निकहत, मीनाक्षी और जैस्मीन नवंबर के बाद पहला टूर्नामेंट खेलेंगी। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने कहा, 'एशियाई चैम्पियनशिप कठिन परीक्षा होगी। हमें पता है कि पिछले एक दशक में एशियाई मुक्केबाजी का स्तर काफी बेहतर हुआ है और दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से कई एशिया से हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारा इतिहास बताता है कि हम पदक जीत सकते हैं। हमारी नजरें कई पदकों पर हैं, जिसके लिए हमारे मुक्केबाजों का फाइनल में पहुंचना जरूरी है।'

महिला वर्ग में प्रीति पवार 54 किग्रा भार वर्ग में कजाखस्तान की एलिना बाजारोवा से भिड़ेंगी, जबकि 60 किग्रा में प्रिया का मुकाबला कजाखस्तान की मुक्केबाज रिम्मा वोलोसेन्को से होगा। मीनाक्षी का सामना जापान की युका सदामात्सु से होगा, जबकि पूजा रानी कजाखस्तान की नादेज्दा रायाबेत्स के खिलाफ उतरेंगी। जरीन, जैस्मीन, अंकुशिता बोरो, अरुंधति चौधरी, बोरगोहेन और अल्फिया पठान को पहले दौर में बाई मिली है।

महिला खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है, लेकिन भारतीय पुरुष टीम पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में मिली नाकामी का गम दूर करना चाहेगी, जहां 12 साल में पहली बार एक भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज पदक नहीं जीत सका था। भारत के कोचिंग ढांचे में भी बदलाव हुआ है और तीसरी बार सी. ए. कुटप्पा मुख्य कोच के रूप में लौटे हैं। भारतीय पुरुष टीम की उम्मीदों का दारोमदार विश्व कप पदक विजेता जादूमणि सिंह (55 किग्रा) और सचिन सिवाच (60 किग्रा) पर रहेगा। पुरुष वर्ग में विष्णनाथ सुरेश (50 किग्रा) अपने अभियान की शुरुआत बेकज़ात एर्गेशोव के खिलाफ करेंगे, जबकि जादूमणि 55 किग्रा के कठिन मुकाबले में शीर्ष वरीय जापान के रुई यामागुची से भिड़ेंगे।

सचिन का सामना स्थानीय दावेदार बुइयंदालाई बायारखू से होगा, जबकि आदित्य सऊदी अरब के मौदा अलहसाव के खिलाफ उतरेंगे। अंकुश और नरेंद्र को पहले दौर में बाई मिली है, जिससे वे सीधे अगले चरण में प्रवेश करेंगे। इस टूर्नामेंट में कई ओलंपिक पदक विजेता और एशिया भर के उभरते सितारे हिस्सा ले रहे हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी रहने की उम्मीद है।

### भारतीय टीम :

**महिला :**

मीनाक्षी (48 किलो), निकहत जरीन (51 किलो ), प्रीति पवार (54 किलो ), जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया (60 किलो), अंकुशिता बोरो (65 किलो), अरूंधति चौधरी (70 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो), पूजा रानी (80 किलो ), अल्फिया तरन्नुम (80 प्लस किलो )

**पुरूष :**

विश्वनाथ सुरेश (50 किलो), जादूमणि सिंह (55 किलो ), सचिन (60 किलो), आदित्य प्रताप यादव (65 किलो), दीपक (70 किलो), आकाश (75 किलो), अंकुश (80 किलो), लोकेश (85 किलो), हर्ष चौधरी (90 किलो), नरेंदर बेरवाल (90 प्लस किलो)।

## बेटे के जन्मदिन पर ऋतिक रोशन ने शेयर किया भावुक नोट, बचपन की तस्वीर पोस्ट कर लुटाया प्यार..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन ने शनिवार को अपने बड़े बेटे हरेहान रोशन का 20वां जन्मदिन मनाया। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर अपनी पारिवारिक छुट्टियों की कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो साझा किए,***



साथ ही जीवन के अनुभवों पर एक भावपूर्ण संदेश भी लिखा। इस पोस्ट में ऋतिक ने अपने बेटों के साथ बिताए कुछ यादगार पलों की झलकियां साझा कीं, जिनमें समुद्र में मस्ती करते हुए उनका एक वीडियो और एक बढ़िया रेस्तरां में दोस्तों के साथ बिताई गई पार्टी का एक वीडियो शामिल है। एक रोड ट्रिप का वीडियो सबसे खास था,

जिसमें हरेहान चलती कार से अपनी बाहें फैलाते हुए दिख रहे थे, जो 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' फिल्म के एक दृश्य की याद दिलाता था, जबकि ऋतिक गाड़ी चला रहे थे। अभिनेता ने हरेहान के बचपन की कुछ पुरानी तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें पिता-पुत्र के बीच हंसी-मजाक और प्यार भरे पल कैद हैं। इन तस्वीरों के साथ, ऋतिक ने अपने बेटे को संबोधित करते हुए एक भावुक संदेश लिखा, जिसे वे प्यार से रे कहते थे।

### फोटो शेयर कर लिखा भावुक कैप्शन..

इन तस्वीरों के साथ ऋतिक ने एक भावुक कैप्शन भी लिखा है। जिसमें उन्होंने लिखा, 'मेरे प्यारे रे.. जैसे-जैसे तुम उत्साह से वयस्कता में कदम रख रहे हो, यहाँ एक छोटा सा स्मरण है कि वयस्क होना कितना महत्वपूर्ण है।' संतुलन पर जोर देते हुए उन्होंने आगे कहा कि वयस्कता इतनी मजबूत, इतनी जिम्मेदार, इतनी स्थिर, इतनी समझदार होनी चाहिए कि भीतरी बच्चे को अनंत हंसी और शुद्ध आनंद के क्षणों का अनुभव करने का अवसर मिले। वयस्क नाव चलाता है, लेकिन बच्चा.. कप्तान होता है। ऋतिक की गर्लफ्रेंड और अभिनेत्री सबा आजाद ने कमेंट सेक्शन में आहाहा लिखा।

### सुजैन खान ने भी दी शुभकामनाएं..

ऋतिक की पूर्व पत्नी और उनकी मां सुज़ैन खान ने भी सोशल मीडिया पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्हें अपना सबसे बड़ा आशीर्वाद बताते हुए, उन्होंने उन पर गर्व व्यक्त किया और एक भावुक संदेश के साथ उन्हें उनके बीसवें दशक में प्रवेश करने पर बधाई दी। हरेहान के दादा, राकेश रोशन ने भी जन्मदिन समारोह की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'हे रे, 20 साल तुम पर बहुत अच्छे लग रहे हैं, आने वाले साल तुम्हें उन सभी लक्ष्यों के और करीब लाएं जिनके लिए तुम मेहनत कर रहे हो। लव यू।' पेशेवर मोर्चे पर, ऋतिक को आखिरी बार अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित और जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी के साथ अभिनीत फिल्म 'वॉर 2' में देखा गया था।

## बंगाली एक्टर का 43 साल की उम्र में आकस्मिक निधन, शूटिंग के दौरान हादसे में चली गई जान, CM ममता बनर्जी ने जताया दुख...

डेस्क जगप्रेरणा।

***फेमस बंगाली एक्टर राहुल बनर्जी का ओडिशा में नाव दुर्घटना में निधन हो गया। यह दुखद घटना तलसारी बीच पर तब घटी जब वे अपने टीवी शो 'भोले बाबा पर करेगा' की शूटिंग कर रहे थे। बताया जा रहा है कि शूटिंग के दौरान वे समुद्र में गिर गए और उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद उन्हें रेस्क्यू कर पास के अस्पताल ले जाया गया था,***



लेकिन दुर्भाग्यवश, डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया। शूटिंग के दौरान समुद्र में गिरने से राहुल बनर्जी का निधन हो गया। राहुल को उनके पॉपुलर पॉडकास्ट सहज कथा के लिए भी पहचाना जाता था। इसके साथ ही राहुल ने कई टीवी सीरियल्स में भी अपनी दमदार एक्टिंग की छाप छोड़ी है।

### मेडिकल सेंटर में है शव..

दीघा पुलिस के एसपी बालासोर द्वारा दी गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शव फिलहाल दीघा मेडिकल सेंटर में है और वे घटना और मृतक की पहचान के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए दीघा पुलिस के साथ समन्वय कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व में ट्विटर) पर प्रशंसकों ने अभिनेता राहुल बनर्जी के अचानक निधन पर शोक व्यक्त किया है। एक यूजर ने लिखा, 'यह सुनकर गहरा सदमा लगा है। विश्वास ही नहीं हो रहा। बंगाली फिल्म इंडस्ट्री के उन गिने-चुने लोगों में से एक जिन्हें लोग बहुत प्यार करते थे। आपकी आत्मा को शांति मिले, राहुल बनर्जी।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'RIP राहुल अरुणोदय बनर्जी। वाकई बहुत दुखद खबर है।'

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी जताया दुख..

एक्टर राहुल बनर्जी के निधन की खबर से जहां बंगाली फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है, वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी राहुल की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने निधन की खबर सुनते ही एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें अपनी भावनाएं शेयर की हैं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'प्रतिभाशाली, युवा और लोकप्रिय अभिनेता राहुल अरुणोदय बनर्जी अचानक हमारे बीच से चले गए हैं। इस खबर ने मुझे स्तब्ध, दुखी और स्तब्ध कर दिया है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि यह सब कैसे हुआ। वे मेरे पसंदीदा अभिनेताओं में से एक थे और एक अद्भुत इंसान थे। मैं उनके शोक संतप्त परिवार, प्रियजनों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। राहुल का अचानक चले जाना बंगाली अभिनय जगत, टॉलीवुड और टेलीवुड के लिए एक अपूरणीय क्षति है।'

### जुबिन गर्ग की भी पानी के हादसे में हुई थी मौत..

बता दें कि राहुल बनर्जी से पहले बॉलीवुड के सुपरहिट सिंगर जुबीन गर्ग की भी पानी में गिरने के बाद हादसे में मौत हो गई थी। सिंगर जुबीन भी बीते कुछ दिनों पहले एक म्यूजिक फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए सिंगापुर पहुंचे थे। यहां फेस्टिवल से पहले अपने परिवार से संग समुद्र में नहाने पहुंचे थे। पानी में सर्फिंग के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और पानी में डूब गए। जब मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें रेस्क्यू किया और अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अब राहुल बनर्जी दूसरे ऐसे एक्टर बने हैं जिनकी पानी में हुए हादसे के कारण जान चली गई है।

## आडवाणी पूल राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमी-फाइनल में पहुंचे..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिग्गज क्यू (स्नूकर और बिलियर्ड्स) खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने रविवार को यहां आयोजित 9-बॉल पूल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पीयूष कुशवाहा को हराकर पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।***

स्नूकर और बिलियर्ड्स में अपनी महारत के लिए मशहूर कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी ने मध्य प्रदेश के खिलाड़ी पर 9-3 से एकतरफा जीत दर्ज की। पीएसपीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे आडवाणी के सामने सेमीफाइनल में कुशल सी और कमल चावला के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता की चुनौती होगी। दूसरा सेमीफाइनल नितिन शर्मा और एस. श्रीकृष्णा के बीच खेला जाएगा।



चंडीगढ़ के नितिन ने दिल्ली के शोएब खान को 9-6 से हराया, जबकि श्रीकृष्णा ने चंडीगढ़ के सुमित तलवार को 9-3 से मात दी।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# पश्चिम एशिया संकटः ईंधन, एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने अपने प्रयास तेज किए..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच सरकार ने देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर ज्यादा खरीदारी से बचने की अपील की है।***



पेट्रोलियम मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश में रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पूरे देश में पर्याप्त है और पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

मंत्रालय ने बताया कि कुछ राज्यों में अफवाहों के कारण लोगों ने घबराकर ज्यादा खरीदारी की, जिससे कुछ पेट्रोल पंप पर भीड़ और बिक्री में अचानक बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि, देश के सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क भी लगाया गया है। गैस क्षेत्र में घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) और सीएनजी के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जबकि उद्योगों को उनकी सामान्य जरूरत का करीब 80 प्रतिशत गैस मिल रही है। उर्वरक कारखानों को 70-75 प्रतिशत गैस दी जा रही है और अतिरिक्त एलएनजी की व्यवस्था भी की जा रही है।

मंत्रालय ने कहा कि शहरों में गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार तेज किया जा रहा है और एलपीजी की जगह पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मार्च में 2.9 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन जोड़े गए हैं।

बयान में कहा गया कि एलपीजी की आपूर्ति पर अंतरराष्ट्रीय हालात का असर पड़ा है, लेकिन फिलहाल किसी तरह की कमी की सूचना नहीं है। रोजाना 55 लाख से अधिक सिलेंडर की डिलिवरी हो रही है और दुरुपयोग रोकने के लिए सख्ती बढ़ाई गई है।

मंत्रालय ने बताया कि व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और इसमें होटल, खानपान सेवाओं और जरूरी उद्योगों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने मिट्टी के तेल (केरोसिन) की आपूर्ति भी बढ़ाई है और जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज की है। हाल ही में करीब 2,900 छापे मारे गए और लगभग 1,000 सिलेंडर जब्त किए गए। बयान में कहा गया कि राज्यों को निगरानी बढ़ाने, रोजाना जानकारी देने, अफवाहों पर रोक लगाने और गैस से जुड़े ढांचे के काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की अनावश्यक खरीदारी से बचें।

# एसजेएम ने लोगों से एलपीजी और पेट्रोल की घबराहट में खरीदारी न करने का आग्रह किया

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच घबराहट में ईंधन की खरीदारी और एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में अचानक वृद्धि को लेकर चिंता जताई और***



लोगों से अपील की कि वे जमाखोरी से बचें, क्योंकि इससे 'कृत्रिम कमी' पैदा होती है। कृत्रिम कमी एक ऐसी आर्थिक स्थिति है, जहां बाजार में किसी वस्तु की आपूर्ति वास्तव में कम नहीं होती, लेकिन कुछ बाहरी कारकों की वजह से ऐसा भ्रम पैदा हो जाता है कि सामान खत्म होने वाला है।

एसजेएम ने यह भी कहा कि जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की गति तेज करनी चाहिए।

एसजेएम के राष्ट्रीय सह-समन्वयक अश्वनी महाजन ने एक बयान में कहा कि एलपीजी सिलेंडर और पेट्रोल की अचानक मांग में बढ़ोतरी डर से प्रेरित है, क्योंकि ईंधन की आपूर्ति स्थिर है और लोगों को केवल सत्यापित जानकारी पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''एलपीजी सिलेंडरों की औसत दैनिक बुकिंग, जो आमतौर पर 55 से 60 लाख के बीच रहती थी, अचानक बढ़कर 75 से 88 लाख प्रतिदिन हो गई है। इसी तरह पेट्रोल की मांग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।'' महाजन ने कहा, ''हालांकि देश के पास पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति लगातार बनी हुई है, जो सरकार के कूटनीतिक प्रयासों से सुनिश्चित की जा रही है, फिर भी घबराहट में खरीदारी कृत्रिम कमी पैदा कर रही है, जिससे जनता में चिंता बढ़ रही है।''

एसजेएम ने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने सिर्फ गैस, तेल, उर्वरक और अन्य जरूरी सामान की कीमतों और आपूर्ति को ही प्रभावित नहीं किया है। इसके साथ ही कुछ लोग इस स्थिति का फायदा उठाकर इन चीजों की जमाखोरी कर रहे हैं, ताकि भविष्य में अगर कमी आए तो वे उन्हें महंगे दामों पर बेच सकें।

महाजन ने जिम्मेदार नागरिक आचरण की अपील करते हुए कहा कि लोग ईंधन की कमी से जुड़ी अफवाहें फैलाने या असत्यापित संदेश आगे भेजने से बचें।

उन्होंने कहा, ''लोगों को केवल आधिकारिक और सत्यापित सूचना स्रोतों पर ही भरोसा करना चाहिए और ऐसी अपुष्ट जानकारियों को फैलाने से बचना चाहिए, जिनसे दहशत फैल सकती है।÷

एसजेएम के वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी कहा कि वर्तमान वैश्विक संकट के दौरान सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता बनाए रखना बेहद जरूरी है, और चेतावनी दी कि गलत जानकारी और डर से प्रेरित व्यवहार स्थिति को और बिगाड़ सकते हैं।

# भारत के दो और एलपीजी जहाज होर्मुज से सुरक्षित निकले, एक दिन की रसोई गैस का भंडार

नई दिल्ली, (भाषा)।

***दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल चुके हैं और अगले कुछ दिन में इनके भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है।***



इन जहाज पर देश के लगभग एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, जो लगभग 94,000 टन का एलपीजी कार्गो ले जा रहे हैं, सुरक्षित रूप से इस क्षेत्र से गुजर चुके हैं और भारतीय तटों की ओर बढ़ रहे हैं।''

जहां बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा है और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है।

अमेरिका और इजराइल के हमलों और ईरान की व्यापक प्रतिक्रिया के कारण जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। यह संकीर्ण समुद्री मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि ''जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं।''

इससे पहले चार भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से इस मार्ग से निकल चुके हैं।

पाइन गैस और जग वसंत, जो 92,612 टन एलपीजी ला रहे थे, 26 मार्च और 28 मार्च के बीच भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचे। इससे पहले, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी, जो लगभग 92,712 टन एलपीजी ले जा रहे थे, क्रमशः 16 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा बंदरगाह और 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पहुंचे थे।

एक ऐसा देश के लिए जो अपनी रसोई गैस की जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत खाड़ी देशों से आयात से पूरा करता है, उसके लिए इन जहाजों का आना एलपीजी संकट को कम करने में मदद करेगा। भारत ने पिछले साल 3.31 करोड़ टन एलपीजी का उपभोग किया, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत मांग आयात से पूरी की गई। इसमें से 90 प्रतिशत आयात पश्चिम एशिया से आया था।

जलडमरूमध्य के 'बंद' होने के बाद भारत अमेरिका और अर्जेंटीना जैसे देशों से एलपीजी प्राप्त कर रहा है।

एक बयान में कहा गया, ''पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में कुल 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज हैं जिनपर 485 भारतीय नाविक सवार हैं।'' मूल रूप से, पश्चिम एशिया में युद्ध के शुरू होने पर जलडमरूमध्य में 28 भारतीय ध्वज वाले जहाज थे। इनमें से 24 पश्चिम की ओर और चार पूर्वी दिशा में थे।

पिछले कुछ दिन में पश्चिम दिशा से छह जहाज और पूर्व से दो जहाज सुरक्षित निकलने में सफल रहे हैं। एक और टैंकर जग प्रकाश जो ओमान से अफ्रीका तक पेट्रोल ले जा रहा था, वह भी तंजानिया की ओर जाने के दौरान सुरक्षित निकल चुका है। एलपीजी जहाज जग विक्रम, ग्रीन आशी और ग्रीन सान्वी अभी भी होर्मुज में हैं। एक खाली पोत को एलपीजी से भरा जा रहा है।

पोत परिवहन महानिदेशालय का नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे काम कर रहा है और अब तक 4,523 कॉल और 8,985 ईमेल संभाल चुका है। इनमें पिछले 24 घंटों में 92 कॉल और 120 ईमेल शामिल हैं।

# अनिल अग्रवाल का दावा, लिखित पुष्टि मिलने के बावजूद जेपी समूह की संपत्ति की बोली पर पलटा गया फैसला..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***खनन उद्योग के दिग्गज कारोबारी अनिल अग्रवाल ने रविवार को दावा किया कि उनकी कंपनी वेदांता को जेपी समूह की संपत्ति की बोली जीतने की लिखित पुष्टि मिल गई थी, लेकिन बाद में यह फैसला बदल दिया गया।***




हालांकि, उन्होंने इसके कारणों पर विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी। अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर कहा कि वेदांता को दिवालिया प्रक्रिया के तहत जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) को खरीदने के लिए सार्वजनिक रूप से सबसे ऊंची बोली लगाने वाला घोषित किया गया था।

उन्होंने बताया कि उन्हें लिखित रूप में यह जानकारी दी गई थी कि उनकी कंपनी बोली जीत चुकी है, लेकिन कुछ दिन बाद यह निर्णय बदल दिया गया।

जेपी समूह की इस प्रमुख कंपनी के लिए बोली में गौतम अदाणी का समूह ही दूसरा बड़ा दावेदार था। ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने दोनों कंपनियों की बोलियों का मूल्यांकन किया और बाद में अदाणी समूह की बोली को मंजूरी के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में भेज दिया।

एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने अदाणी समूह की बोली को मंजूरी दे दी, जिसके खिलाफ वेदांता समूह ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में चुनौती दी है।

हाल ही में हुई सुनवाई में एनसीएलएटी ने एनसीएलटी के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को तय की गई है।

अग्रवाल ने कहा कि वह इस फैसले में बदलाव के कारणों पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते और यह मामला उचित मंच पर तय होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला उन्हें जेपी समूह के संस्थापक जयप्रकाश गौड़ के साथ हुई बातचीत की याद दिलाता है, जिन्होंने इच्छा जताई थी कि उनकी संपत्तियां सुरक्षित हाथों में जाएं।

उन्होंने कहा, ''हमें इस संपत्ति से कोई लगाव नहीं है। अगर यह हमें मिलती है तो यह ईश्वर की कृपा है, और अगर नहीं मिलती तो वह भी उसकी इच्छा है।''

जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) को जून, 2024 में दिवालिया प्रक्रिया में शामिल किया गया था, क्योंकि कंपनी पर करीब 57,185 करोड़ रुपये का ऋण था। पिछले साल नवंबर में ऋणदातों की समिति ने अदाणी समूह की योजना को मंजूरी दी थी।

अदाणी एंटरप्राइजेज को ऋणदाताओं के 89 प्रतिशत वोट मिले, जबकि अन्य दावेदारों में डालमिया सीमेंट और वेदांता समूह शामिल थे।

ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि बोली का चयन केवल सबसे अधिक कीमत के आधार पर नहीं, बल्कि नकद भुगतान, व्यवहार्यता और समय पर क्रियान्वयन जैसे कई पहलुओं को ध्यान में रखकर किया जाता है।

ऋणदाताओं की समिति ने अदाणी समूह की बोली को इसलिए प्राथमिकता दी क्योंकि इसमें करीब 6,000 करोड़ रुपये तुरंत भुगतान और दो साल में पूरा भुगतान करने का प्रस्ताव था, जबकि वेदांता की योजना में भुगतान की अवधि पांच साल तक थी।

सीओसी ने वेदांता की संशोधित बोली को भी खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि वह बोली प्रक्रिया बंद होने के बाद दी गई थी और उसे स्वीकार करने के लिए प्रक्रिया को फिर से शुरू करना पड़ता।

एनसीएलटी ने 17 मार्च को अदाणी एंटरप्राइजेज की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को मंजूरी दे दी थी, जिसे वेदांता ने एनसीएलएटी में चुनौती दी है।

# पश्चिम एशिया संकट पर सरकार की प्रतिक्रिया संतुलित और भरोसेमंद : सी. आई. आई..

नई दिल्ली, (भाषा)।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुई समस्याओं पर सरकार की तेज, समन्वित और संतुलित प्रतिक्रिया की सराहना की। साथ ही, उद्योग मंडल ने भारत के उद्योग जगत के लिए 12-सूत्रीय योजना भी पेश की, ताकि सरकार के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके।




सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि हालांकि नीतिगत प्रतिक्रिया ने तात्कालिक जोखिमों को कम कर दिया है, लेकिन बदलती स्थिति के लिए सरकार और उद्योग के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता है।

बनर्जी ने कहा, ''नीतिगत दृष्टिकोण ने उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने और व्यवहार्य उद्यमों का समर्थन करने पर सही ढंग से ध्यान केंद्रित किया है।''

उन्होंने कहा, ''अगले चरण में उद्योग को व्यावहारिक और जिम्मेदार कार्यों के साथ इस नींव पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।''

बनर्जी ने जोर देकर कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया समय पर, संतुलित और भरोसेमंद रही है। यह सरकार के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारू रखना, निर्यातकों का समर्थन करना, परिवारों की सुरक्षा करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है। उद्योग जगत सरकार की इस पहल के उद्देश्य और क्रियान्वयन दोनों की सराहना करता है।

उन्होंने कहा, ''इन उपायों ने मुद्रास्फीति के दबाव को नियंत्रित करने, औद्योगिक गतिविधियों को बनाए रखने और वैश्विक अनिश्चितता के समय में भरोसे को कायम रखने में मदद की है, साथ ही साथ विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को भी समर्थन दिया है।÷

सीआईआई ने कहा कि वर्तमान स्थिति एक आपूर्ति संबंधी बाधा है, जो ऊर्जा की कीमतों, लॉजिस्टिक और कामकाजी पूंजी पर दबाव डाल रही है।

उद्योग मंडल ने कुछ कदम सुझाए हैं, जिन्हें वर्तमान परिस्थितियों में उद्योग अपनाने पर विचार कर सकता है।

उद्योग मंडल ने सुझाव दिया कि उद्योग सरकार के साथ मिलकर महत्वपूर्ण कच्चे माल, ईंधन और बीच के उत्पादों के लिए रणनीतिक भंडार और सुरक्षा तंत्र तैयार कर सकता है। सामान को साझा भंडारण, साझा बुनियादी ढांचे और बेहतर डेटा प्रणाली के माध्यम से रखना भविष्य में किसी संकट से निपटने की देश की तैयारी को मजबूत करेगा।

सीआईआई ने कहा कि कंपनियां मूल्य स्थिरता बनाए रखने का प्रयास कर सकती हैं, ताकि ईंधन की स्थिर कीमतों और नियंत्रित लॉजिस्टिक्स लागत का लाभ सीधे अंतिम ग्राहकों और व्यापारिक साझेदारों तक पहुंचे। इससे महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और उद्योग की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

उद्योग मंडल ने यह भी सुझाव दिया कि कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर सकती हैं, इसके लिए वैकल्पिक स्रोत ढूंढें, विक्रेता आधार बढ़ाएं और महत्वपूर्ण कच्चे माल के लिए सुरक्षित भंडार तैयार करें। इससे समुद्री मार्गों पर निर्भरता कम होगी और किसी बाधा का असर घटेगा।

# पश्चिम एशिया संघर्ष, कच्चे तेल के दाम तय करेंगे स्थानीय शेयर बाजार की दिशा : विश्लेषक

नई दिल्ली, (भाषा)।

***स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।***



विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा रुपये-डॉलर का रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में धारणा को प्रभावित करेंगी।

शेयर बाजार मंगलवार को 'महावीर जयंती' और शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के मौके पर बंद रहेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह वैश्विक वृहद घटनाक्रम खासकर कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षविराम को लेकर बातचीत की प्रगति से बाजार की दिशा प्रभावित होगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ाने के लिए रुपये की स्थिरता जरूरी है।''

उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और मार्च का एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई महत्वपूर्ण रहेगा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कमजोर होते रुपये के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया। वहीं ईरान ने इसके जवाब में अमेरिका के सहयोगी देशों और तेल अवीव पर हमले किए। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''आगे देखें तो, बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और भूराजनीतिक घटनाक्रम इसकी प्रमुख वजह हैं।

निवेशकों की निगाह पश्चिम एशिया की स्थिति पर रहेगी। संघर्ष बढ़ने या घटने का धारणा पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।'' उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख निकट भविष्य में धारणा तय करेंगे।

बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया। वहीं एनएसई निफ्टी 294.9 अंक या 1.27 प्रतिशत के नुकसान में रहा। लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, ''आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक वैश्विक रुख से तय होने की उम्मीद है। कच्चा तेल, मुद्रा का उतार-चढ़ाव और भूराजनीतिक घटनाक्रम बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।''



जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## कानपुर के बाजार में लगी भीषण आग, कपड़े की दुकान जलकर खाक; मची अफरा-तफरी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तर प्रदेश में कानपुर शहर के पॉश मार्केट में शुमार कही जाने वाली सीसामऊ बाजार स्थित दीप गारमेंट्स नामक कपड़े की दुकान में रविवार को अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ये आग की लपटें विकराल होने लगीं,***



जिससे आसपास की गारमेंट्स शॉप में भी आग की लपटें धीरे-धीरे बढ़ने लगीं। ऐसे में घबराकर सभी दुकानदारों ने अपनी-अपनी शॉप के बाहर से माल निकलना शुरू कर दिया ताकि हादसा बड़ा रूप ना ले ले। इसके बाद दमकल विभाग को घटना की सूचना दी गई।

### दुकान में रखें कपड़ों में तेजी से फैली आग..

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। प्रथम दृष्टया आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल दुकान में रखे कपड़ों और अन्य सामान में तेजी से आग फैल गई, जिससे ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि, फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से आग को अन्य दुकानों तक फैलने से रोका जा सका।

### आग से हो गया दुकानदारों का नुकसान..

मौके पर एसीपी सीसामऊ, थाना प्रभारी सीसामऊ और प्रभारी निरीक्षक बजरिया सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए जरूरी कदम उठाए और दुकान मालिक व आसपास के लोगों से बातचीत की। गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। ना तो कोई घायल हुआ और ना ही किसी की जान गई। दुकान में रखे कपड़ों और अन्य सामान को काफी नुकसान पहुंचा है, लेकिन सटीक नुकसान की गणना अभी की जा रही है।

### शॉर्ट सर्किट हो सकता है आग का कारण..

पुलिस और फायर अधिकारी मौके पर जांच कर रहे हैं। शॉर्ट सर्किट के अलावा अन्य किसी कारण की भी जांच की जा रही है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम की लापरवाही या पुरानी वायरिंग की वजह से यह हादसा हुआ हो सकता है। जान लें कि कानपुर में पिछले कुछ समय से छोटी-मोटी आग की घटनाएं होती रही हैं, जिसके चलते प्रशासन ने दुकानदारों को विद्युत सुरक्षा और फायर सेफ्टी उपकरणों के इस्तेमाल की सलाह दी है।

### आग लगने के समय शॉप पर नहीं थे दुकान मालिक..

घटना के बाद दुकान मालिक ने बताया कि वे आग लगने के समय दुकान पर नहीं थे। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझाई गई। उन्होंने नुकसान का आकलन करने के बाद बीमा कंपनी से संपर्क करने की बात कही। स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि ऐसे हादसों से व्यापार को भारी नुकसान होता है। उन्होंने प्रशासन से बाजार क्षेत्रों में नियमित फायर ऑडिट कराने और पुरानी इमारतों में विद्युत वायरिंग को अपग्रेड करने की मांग की है। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि आग पूरी तरह बुझा दी गई है और फिलहाल कोई खतरा नहीं बचा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष पर चर्चा के लिए पाकिस्तान में सम्मेलन; सऊदी अरब, मिस्र, तुर्किये ने की चर्चा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***सऊदी अरब, मिस्र, तुर्किये और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने चतुष्पक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान रविवार को इस्लामाबाद में पश्चिम एशिया संघर्ष पर चर्चा की ताकि तनाव कम करने का रास्ता खोजा जा सके। पश्चिम एशिया सघर्ष ने क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है***



और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गंभीर व्यवधान पैदा किया है। एक अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रियों ने क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की और सुरक्षा मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए क्षेत्र में व्यापक शांति के विकल्पों पर मंथन किया। यह शिखर सम्मेलन अमेरिका और ईरान के बीच सीधी वार्ता में देरी के बीच हुई। बैठक के बाद कोई बयान जारी नहीं किया गया। विदेश कार्यालय के अनुसार, मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्री शनिवार को इस्लामाबाद पहुंच चुके थे, जबकि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद रविवार को पहुंचे।

इसने बताया कि मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती और तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी अरब के विदेश मंत्री, पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार के निमंत्रण पर इस्लामाबाद पहुंचे। बैठक के बाद, सऊदी विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफसे मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय हित के विभिन्न मामलों पर चर्चा की। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि दौरे पर आए विदेश मंत्री ''क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रयासों सहित कई मुद्दों पर गहन चर्चा' करेंगे।

शनिवार आधी रात के बाद विदेश कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डार ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से टेलीफोन पर बातचीत की और 'क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलाव तथा जारी घटनाक्रम' पर चर्चा की। डार ने कहा कि उन्होंने तनाव कम करने की जरूरत पर जोर दिया और रेखांकित किया कि स्थायी शांति के लिए संवाद एवं कूटनीति ही एकमात्र व्यावहारिक रास्ता है। उन्होंने घोषणा की कि ईरान ने पाकिस्तानी झंडे वाले 20 और पोतों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा, 'मुझे यह बड़ी खुशखबरी साझा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि ईरान सरकार ने पाकिस्तानी झंडे वाले 20 और पोतों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है। प्रतिदिन दो पोत इस जलडमरूमध्य को पार करेंगे।'

डार ने कहा, 'ईरान का यह कदम शांति का संकेत है और यह क्षेत्र में स्थिरता लाने में मदद करेगा।' उन्हों पोस्ट में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफऔर अराघची को टैग किया और कहा कि ''संवाद, कूटनीति एवं भरोसा बढ़ाने वाले ऐसे कदम ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता हैं।''

वहीं, विदेश कार्यालय ने रविवार को कहा कि डार और अब्देलत्ती के बीच हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान और मिस्र ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। इसने एक बयान में कहा, 'दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग सहित द्विपक्षीय तंत्रों को सक्रिय करने और व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।' बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में तनाव पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और संयम बरतने, तनाव कम करने और संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से विवादों के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

डार ने फलस्तीनी लोगों के लिए पाकिस्तान के 'अटूट समर्थन' की पुष्टि की और गाजा और वेस्ट बैंक में इजराइली सेनाओं द्वारा जारी आक्रामकता की कड़ी निंदा की। विदेश कार्यालय के अनुसार, डार ने तुर्किये के विदेश मंत्री फिदान से भी मुलाकात की। उसने बताया, 'दोनों नेताओं ने पाकिस्तान-तुर्किये के मजबूत संबंधों की पुष्टि की, ईरान सहित क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की और शांति एवं स्थिरता के लिए संवाद, तनाव कम करने, कूटनीति और समन्वय पर जोर दिया।'

## वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में शुरू हुआ 'फूल बंगला उत्सव'..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मथुरा के मंदिरों में बढ़ती गर्मी में ठाकुर जी को 'ठंडक' पहुंचाने के उपाय शुरू किये जाने के बीच वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में 134 दिनों तक चलने वाला 'फूल बंगला उत्सव' रविवार को प्रारंभ हो गया। यह बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए मंदिर के अंदर फूलों की सजावट करके तापमान कम करने पर केंद्रित एक उत्सव है।***

श्री बांके बिहारी मंदिर के सेवायत ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने बताया कि लाल पत्थर से बनी इमारत और मंदिर को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीयों के इस्तेमाल से गर्मियों में मंदिर के अंदर का तापमान बढ़ जाता है और वहां रहना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, 'हालात को बेहतर बनाने के उपाय के तौर पर फूलों की सजावट शुरू की गई। बेला, मोगरा, गुलाब, चमेली, कार्नेशन, गेंदा, लिली, कमल और ऑर्किड जैसे विभिन्न सजावटी और खुशबूदार फूल कानपुर, कन्नौज और अजमेर से भी मंगाए जाते हैं। गुलाब और मोगरा ठाकुर बांके बिहारी के पसंदीदा फूल हैं।'

गोस्वामी ने बताया कि रविवार को उत्सव के पहले दिन सुबह और शाम दोनों समय की आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस साल हिंदू पंचांग में एक अतिरिक्त महीना (अधिक मास) होने के कारण फूल बंगला उत्सव अधिक समय तक चलेगा। श्री बांके बिहारी मंदिर के एक अन्य सेवायत शशांक गोस्वामी ने बताया कि 2016 से पहले मंदिर में फूल बंगला के दर्शन केवल शाम को ही होते थे लेकिन जुलाई 2016 में उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के बाद अब फूल बंगला के दर्शन सुबह के समय भी होते हैं।

उन्होंने बताया कि फूलों की सजावट में इस्तेमाल हुए फूलों को बाद में विधवाओं के लिए बने आश्रम 'आश्रय सदन' में भेज दिया जाता है, जहां इन फूलों से अगरबत्तियां बनाई जाती हैं। श्री राधा रमण मंदिर के सेवायत दिनेश चंद्र गोस्वामी ने कहा, 'ब्रज भूमि में भक्ति का मुख्य भाव 'माधुर्य भाव' (प्रेमपूर्ण भाव) है। हम भगवान कृष्ण की सेवा लला (अपने बच्चे) के रूप में करते हैं।

भक्ति का अर्थ है ठाकुर जी की खुशी के बारे में सोचना।' गोस्वामी ने बताया कि राधा रमण जी को जल, मौसमी फल और शरबत चढ़ाने के लिए पूरे एक महीने तक एक 'तुताई' (मिट्टी के बर्तन) का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे प्रसाद ठंडा रहता है। उन्होंने बताया कि तापमान को बनाए रखने के लिए हर दिन एक नए बर्तन का इस्तेमाल किया जाता है और चढ़ाए गए प्रसाद को मंदिर के सेवायतों के बीच बांटा जाता है। गोस्वामी ने बताया कि ठाकुर जी को प्रसाद के रूप में आम, केला, लीची, ठंडाई, लस्सी और छाछ चढ़ाई जाती है। उन्होंने बताया कि अब भोग प्रसाद में केसर और सूखे मेवों का इस्तेमाल बंद कर दिया गया है।

मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि इस त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन के लिए आएंगे। उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए उचित व्यवस्थाएं की गई हैं। हम आपातकालीन और सामान्य सेवाओं की चौबीसों घंटे उपलब्धता भी सुनिश्चित कर रहे हैं।'

## भाई ने ही दी बहन की रियल-टाइम लोकेशन

## रिटायर्ड फौजी पति ने चढ़ा दी बोलेरो; झुंझुनूं में सनसनीखेज मामला..

डेस्क जगप्रेरणा।

***झुंझुनूं जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पति ने अपनी ही पत्नी को जान से मारने के लिए खौफनाक साजिश रच डाली।***



इस वारदात में महिला का भाई भी शामिल निकला, जिसने आरोपी की मदद करते हुए बहन की लोकेशन तक साझा की।

### सुनियोजित तरीके से बोलेरो से कुचलने के प्रयास..

घटना 8 मार्च 2026 की है, जब मोई निवासी सुनीता स्कूटी से चिड़ावा की ओर जा रही थी। रास्ते में एक बोलेरो गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर जांच में सामने आया कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हमला था। आरोपी पति राजेश कुमार (43) निवासी गाडाखेड़ा ने जानबूझकर गाड़ी से टक्कर मारकर पत्नी को कुचलने का प्रयास किया था। मामले की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि महिला का भाई विजेंद्र कुमार (45) निवासी मोई भी इस साजिश में शामिल था।

### जीजा को दे रहा था बहन की लोकेशन की जानकारी..

पुलिस के अनुसार, विजेंद्र लगातार अपनी बहन की गतिविधियों और लोकेशन की जानकारी फोन के जरिए राजेश कुमार को दे रहा था, जिससे हमले को अंजाम देना आसान हो सके।

### पुलिस ने किया पर्दाफाश..

थानाधिकारी सुगन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साक्ष्यों के आधार पर 24 मार्च 2026 को राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान साले विजेंद्र की भूमिका सामने आने पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन भी जब्त कर लिया है।

### पति रहता था अलग, पत्नी को मिलते थे 25 हजार रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता..

पीड़िता सुनीता के अनुसार, आरोपी पति पहले भी उस पर जानलेवा हमला कर चुका है, जिसकी शिकायत चिड़ावा थाने में दर्ज है। पुलिस ने बताया कि राजेश कुमार पूर्व में भी आपराधिक मामलों में लिप्त रहा है और उसके खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

वह सेना से सेवानिवृत्त है। पत्नी का आरोप है कि उसका पति 10 साल से उससे अलग रह रहा है। राजेश कुमार की पेंशन से पत्नी को हर महीने 25 हजार रुपये गुजारा भत्ता मिलता है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।







## अफगानिस्तान में भीषण बाढ़, भूस्खलन और आंधी-तूफान का कहर; 17 लोगों की मौत..



डेस्क जगप्रेरणा।

***अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में भारी बाढ़, भूस्खलन और आंधी-तूफान आने से पिछले 24 घंटों में 17 लोगों की मौत हो गई और 26 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह इस मौसम में देश में चरम मौसमी घटनाओं से हुई ताजा मौतें हैं।***

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने एक बयान में कहा कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने वाली टीमों की रिपोर्ट आने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। देश के 34 प्रांतों में से 13 प्रांत मूसलाधार बारिश और बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जिनमें ज्यादातर पश्चिमी, मध्य और उत्तर-पश्चिमी हिस्से शामिल हैं। स्थानीय नागरिक हम्माद ने बताया कि भीषण मौसम से 147 घर पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए, 80 किलोमीटर सड़कें बह गईं और कृषि भूमि तथा सिंचाई नहरें भी तबाह हो गईं।

### बारिश और बाढ़ से पहले बर्फबारी में हुई थीं जर्जनों मौतें..

इस साल की शुरुआत में भारी बर्फबारी और आकस्मिक बाढ़ से देश भर में दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। अफगानिस्तान चरम मौसमी घटनाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। बर्फबारी और भारी बारिश अक्सर आकस्मिक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) पैदा करती है, जिससे एक बार में दर्जनों या सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है।

वर्ष 2024 में वसंत ऋतु की आकस्मिक बाढ़ में 300 से अधिक लोग मारे गए थे। दशकों से चला आ रहा संघर्ष, खराब बुनियादी ढांचा, संघर्षरत अर्थव्यवस्था, वन कटाई और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों ने इन आपदाओं के असर को और बढ़ा दिया है। खासकर दूरदराज के इलाकों में, जहाँ अधिकांश घर मिट्टी के बने होते हैं और अचानक आने वाली बाढ़ या भारी बर्फबारी से बचाव के लिए बहुत कम सुरक्षा प्रदान करते हैं।

## मंदिर में छत का हिस्सा गिरने से एक श्रद्धालु की मौत, 2 घायल, सोते समय हुआ हादसा...

डेस्क जगप्रेरणा।

***तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के समायपुरम मरियम्मन मंदिर में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां छत का एक हिस्सा गिरने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए हैं। यह घटना सन्नाथी स्ट्रीट मंडपम में हुई, जहां दर्शन के लिए समायपुरम पहुंचे श्रद्धालु सो रहे थे।***



### पुलिस ने क्या बताया?

त्रिची जिला पुलिस के मुताबिक, तंजावुर जिले की रहने वाली 32 वर्षीय नादिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो को आसपास मौजूद श्रद्धालुओं ने बचाया और 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से महात्मा गांधी मेमोरियल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### तमिलनाडु में होने वाले हैं विधानसभा चुनाव..

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। यहां 23 अप्रैल को वोटिंग होगी और 4 मई को काउंटिंग होगी। तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर सत्ता के लिए होने वाली इस जंग की रणभेरी बज चुकी है। ऐसे में इस तरह के हादसे विपक्ष के लिए वो हथियार हैं, जो सत्ता पक्ष को घेरने में इस्तेमाल हो सकते हैं।

### तंजौर में भी हादसा, मंदिर उत्सव के दौरान 10 साल की बच्ची की मौत..

इससे पहले तमिलनाडु के तंजौर से भी एक दर्दनाक हादसा सामने आया था। यहां एक 10 साल की बच्ची की मौत हो गई है। यहां तिरुवैयारू के पास एक मंदिर उत्सव के दौरान 10 साल की छात्रा की मौत हो गई थी।

मृत बच्ची 5वीं कक्षा की छात्रा थी और एक मालवाहक ऑटो में बैठकर मंदिर जा रही थी। वह ऑटो में चल रहे जनरेटर इंजन के पास बैठी हुई थी, अचानक उसके बाल जनरेटर में फंस गए, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह बुरी तरह घायल हो गई। उसे आनन-फानन में हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया, जहां उसे तंजौर के बड़े अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि बच्ची को बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई।






जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर
सोमवार 30 मार्च 2026


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591



# एमसीपी स्कूल, गोरेगांव में 'एक दीया शहीदों के नाम' आस्था और सम्मान के साथ प्रज्वलित..

## भारत के नक्शे पर दीप प्रज्वलन, शहीद परिवारों का सम्मान और 'साकी' योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा– भावनाओं और गौरव से भरा आयोजन..





**जगप्रेरणा गोंदिया।**

23 मार्च शहीद दिवस के अवसर पर गोरेगांव स्थित माउंट कामेत पब्लिक स्कूल, सहयोग संस्थान की इकाई में 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशप्रेम की भावनाओं से ओत-प्रोत नजर आया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और शहर के नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिन्होंने एक स्वर में देश के वीर शहीदों को नमन किया।

### भारत के नक्शे पर 501 दीप: एकता और अखंडता का प्रतीक..

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारत के विशाल नक्शे के रूप में 501 दीप प्रज्वलित करना रहा। दीपों की यह श्रृंखला न केवल दृश्य रूप से आकर्षक थी, बल्कि देश की एकता, अखंडता और विविधता में एकता का सशक्त संदेश भी दे रही थी। दीपों की रोशनी में सजा यह दृश्य उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायी बन गया।

### देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां..

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, कविताएं, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इन प्रस्तुतियों ने न केवल शहीदों के बलिदान को याद दिलाया, बल्कि नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना को भी प्रबल किया। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब शहीद सूबेदार नेतराम हेमराज कटरे के परिजनों–'मातोश्री सरस्वताबाई कटरे–पिताश्री श्री हेमराज कटरे एवं धर्मपत्नी 'श्रीमती कविता कटरे का मंच पर सम्मान किया गया। सूबेदार कटरे ने 27 सितंबर 2000 को भारतीय सेना में भर्ती होकर देश के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों–लेह-लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, असम, राजस्थान, केरल और शिमला–में सेवा दी। 19 फरवरी 2026 को शिमला के पूह क्षेत्र में चीन सीमा पर भूस्खलन के दौरान देश की रक्षा करते हुए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया।

### 'साकी' योजना: शहीद परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा..

इस अवसर पर सहयोग अस्पताल द्वारा 'शहीद सैनिक आश्रित कुटुंब आरोग्य कल्याण योजना के अंतर्गत शहीद परिवारों को फैमिली हेल्थ कार्ड प्रदान किए गए। इस योजना के तहत ओपीडी, आईपीडी और सर्जरी सहित सभी स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

### बोले जयेश रामादे

एमढी सहयोग संस्थान जयेश रामादे ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमारे लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

### बोले जे.के. लोखंडे

जे.के. लोखंडे ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और राष्ट्रीय चेतना का भी केंद्र है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को इतिहास और आदर्शों से जोड़ता है।

### इन्होंने भी दिये उद्‌बोधन..

सिद्धि हरिनखेड़े (स्कूल उप-कप्तान) ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हम दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। हमें उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा मिलती है। देवेंद्र चौधरी (अभिभावक) ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को किताबों से आगे बढ़कर वास्तविक प्रेरणा देते हैं। आर.आर. अगड़े (सामाजिक कार्यकर्ता) ने कहा कि जब विद्यार्थी स्वयं आगे आकर श्रद्धांजलि देते हैं, तो यह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश बनता है।

### समापन: संकल्प और श्रद्धा का संगम..

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों ने दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। 'एक दीया शहीदों के नाम' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के वीरों के प्रति सामूहिक कृतज्ञता और सम्मान की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरा।

# गोंदिया जिले में 50 सामूहिक वन अधिकार प्राप्त ग्राम सभाएं MGNREGAके तंत्र के रूप में काम करेंगी..





**जगप्रेरणा सालेकसा।**

जिले में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सामूहिक वन अधिकार दावों को मंजूरी दी गई है। प्राप्त अधिकारों के अनुसार, धारा 5 के अनुसार सामूहिक वन क्षेत्रों और जल स्रोतों की रक्षा, संरक्षण और पुनर्जीवन का अधिकार और जिम्मेदारी अब ग्राम सभाओं के पास है। नर्सरी, वनरोपण, झील गहरीकरण, बांध, चारागाह विकास, बांध और अन्य कार्यों के कारण भूजल भंडारण निश्चित रूप से बढ़ेगा, जिससे खेती की आय और गैर-उपज बढ़ेगी, जिसका लाभ आदिवासी बहुल दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासियों और अन्य पारंपरिक वनवासियों को मिलेगा, और ग्राम सभाएं सतत विकास के प्रवाह में आएंगी, ऐसा कार्यशाला में कहा गया।

30 नवंबर 2021 के सरकारी निर्णय के अनुसार, सरकार ने ग्राम सभाओं को महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना को लागू करने का तंत्र घोषित किया। इसी के तहत, सरकार के फैसले को लागू करने के लिए, गोंदिया जिले में रोह्यो पोर्टल पर रजिस्टर्ड 50 ग्राम सभाओं ने पहल की और बुधवार, 25 मार्च 2026 को तहसील ऑफिस देवरी और सालेकसा में उनके द्वारा नियुक्त बेयर फुट टेक्नीशियन के काम की प्लानिंग पर एक वर्कशॉप रखी। इसके लिए प्रजीत नायर डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर गोंदिया, भैयासाहेब बेहरे, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर, एस. मुरुंगनाथम, चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर **G.P.** गोंदिया और उमेश काशिद, प्रोजेक्ट ऑफिसर, ट्राइबल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट देवरी शामिल हुए। सबसे पहले, फेडरेशन के गाइड ललित भंडारकर ने फॉरेस्ट राइट्स एक्ट पर गाइडेंस दिया और इंट्रोडक्शन में ग्राम सभाओं के काम और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी।

ग्राम सभाओं द्वारा नियुक्त बेयर फुट टेक्नीशियन और ग्राम सभा पदाधिकारियों को गौतम सखरा, असिस्टेंट प्रोग्राम ऑफिसर और प्रवीण खरवड़े तालुका कोऑर्डिनेटर पंचायत समिति देवरी ने **MGNREGA** के तहत काम कैसे करें, भुवन ऐप पर जानकारी देकर युक्तधारा पोर्टल पर काम कैसे रजिस्टर करें और कुल 266 कामों में से कौन से काम किए जा सकते हैं, इस बारे में डिटेल में गाइडेंस दी।

ग्राम सभा फेडरेशन सालेकसा, ग्राम सभा फेडरेशन शिरपुरबंध ताल. देवरी के पदाधिकारियों और बेयर फुट टेक्नीशियन ने अपनी राय दी कि ग्रामीण इलाकों में आदिवासी और दूसरे पारंपरिक लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए यह ट्रेनिंग बहुत ज़रूरी होगी। फेडरेशन के प्रेसिडेंट रोहित नेताम ने इस वर्कशॉप में सहयोग करने वाले तहसीलदार देवरी, सालेकसा और रोहियो डिपार्टमेंट के सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और वर्कशॉप खत्म होने की घोषणा की। इस वर्कशॉप को सफल बनाने के लिए फेडरेशन के सेक्रेटरी गजानन शिवनकर, जीतेश माहुले, वाइस प्रेसिडेंट विश्वनाथ मेंढे, दूसरे मेंबर चरणदास चौहान, अशोक परतेती, राकेस फुलकुवर, उत्तम चर्जे, मेहतर वट्टी, श्रीचंद नाइक, प्रेमलाल फुंडे, ट्राइबल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के फोरमैन जुगलकिशोर रहांगडाले, रोहियो डिवीजन तहसील ऑफिस के प्रवीण गावड़कर और सभी कर्मचारियों ने बहुत मेहनत की।

# देवरी में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन..

## साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ समिति की पहल; 'छप्पन भोग' और महाप्रसाद का भी आयोजन..

**जगप्रेरणा देवरी।**

यहाँ के श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर एवं माँ धुकेश्वरी मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी गुरुवार, 2 अप्रैल 2026 को भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। यह समारोह साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ समिति की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है।

इस महोत्सव के निमित्त दिन भर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2:30 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ होगी। इसके पश्चात, शाम 6:30 बजे से प्रसिद्ध भजन गायक हर्ष शर्मा की सुमधुर आवाज में 'भव्य भजन संध्या' सजेगी। भक्तों के लिए यह भक्ति का एक अनूठा संगम होगा।

### विशेष आकर्षण एवं महाप्रसाद:

इस समारोह के मुख्य आकर्षण 'छप्पन भोग', पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा होंगे। भक्तिमय वातावरण में संपन्न होने वाले इस समारोह के बाद रात 8:30 बजे से 'महाप्रसाद' का आयोजन किया गया है। साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ समिति, देवरी की ओर से सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित रहकर इस धर्मलाभ का आनंद लेने की अपील की गई है।

क्षेत्र के हनुमान भक्तों में इस कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### चरित्र पर संदेह कर चलाई कुल्हाडी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत जान से मारने का प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/3/2026 के 7 बजे के दरम्यान फर्यादी जयंती चंद्रकांत बावाली उम्र 32 वर्ष निवासी अर्जुनी मोर की सास मानकुमारी गणेश बावाली उम्र 58 वर्ष अपने घर मे पानी भर रही थी। उसी समय आरोपी गणेश बावाली ने आकर चरित्र पर शक करते हुवे कुल्हाडी से गर्दन पर मारकर जख्मी करने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे केशोरी मे अपराध क्रमांक 65/2026 धारा 109,1, भान्यास 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोऊपनी संदीप भोसले पोस्टे केशोरी कर रहे है।

### मिक्सचर मशीन के चपेट मे आने से मोटरसायकल चालक जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/ 3/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान अपनी माँ को डबलसीट बिठाकर अपनी मोटरसायकल एच एफडिलक्स क्रमांक एम एच 35 ए एम 0104 से जा रहे थे। रास्ते मे मिक्श्चर मशीन के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर मोटरसायकल को टक्कर मारी, फर्यादी की मॉ गंभीर जखमी होने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 175/2025 धारा 281,125, ए,125, बी, भान्यास 2023 के तहत मामला दर्ज कर जॉच पोहवा अरविंद चौधरी 87 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

### स्विप्ट डिजायर के चपेट मे आने से मोटरसायकल चालक जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/ 3/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान फर्यादी हिमांशु रमेश बांगरे निवासी शहारवानी अपने मा पिता को अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 एसी 5340 पर बिठाकर मांडोबाई देवस्थान जा रहे थे। जाते समय सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर क्रमांक एम एच 6 बी ई 5196 के चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर मोटरसायकल को ठोस मार कर जख्मी किया। और घटना स्थल से फरार होने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 187/2026 धारा 281,125, अ,125, ब, भान्यास 2023 सहकलम 184 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा दिनेश कुरसुंगे 1147 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

### अचानक तबियत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/ 3/2026 के 1 बजे के दरम्यान आमगाव मे अंकुश प्रभु राखडे उम्र 29 वर्ष निवासी शिवनटोला की तबीयत अचानक खराब हुई, मा ने आवाज देकर फर्यादी शरद हरी राखडे व आजु बाजु के लोगो ने मिलकर उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल आमगाव ले गये जहा डाक्टर मे जॉच कर मृत घोषित करने से फर्यादी के बयान पर पोस्टे आमगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 12/2026 धारा 194, बी एन एस एस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा राजु गजपुरे 02 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

# आमगांव में भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन..

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***राइस मिल उद्योग में कार्यरत कामगारों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आमगांव राइस मिल एसोसिएशन द्वारा***





एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार, 29 मार्च 2026 को एपीएमसी मार्केट यार्ड, आमगांव में किया गया। यह शिविर राइस मिलर्स एसोसिएशन, गोंदिया के तत्वावधान में तथा शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल, गोंदिया के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी प्रजित नायर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण एवं श्रमिक वर्ग के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और समाज के प्रत्येक वर्ग को इसका लाभ उठाना चाहिए। शिविर में बड़ी संख्या में राइस मिल कामगारों एवं नागरिकों ने भाग लिया। यहां सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र जांच एवं परामर्श, हड्डी रोग जांच, शल्य चिकित्सा परामर्श, स्त्री रोग जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, सिकल सेल जांच, निःशुल्क औषधि वितरण तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा वितरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही आयुष्मान कार्ड शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें पात्र नागरिकों को कार्ड बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।

इस अवसर पर राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, गोंदिया जिला सचिव महेश अग्रवाल, टिंगूजी अग्रवाल, महेश बंसल, कैलास कोठारी, एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सोमेश असाटी, मुकेश अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, प्रल्हाद असाटी, पप्पू अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, बंटी अग्रवाल तथा राजू असाटी सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन मुकेश अग्रवाल ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि आभार प्रदर्शन लोकेश अग्रवाल द्वारा किया गया। अंत में सभी मान्यवरों की उपस्थिति में शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में कामगारों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविरों को आगे भी जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।






# तिरोड़ा में गूंजा शिवछत्रपति का जयघोष..



## अफजलखान वध की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र..

**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

श्रीराम नवमी के अवसर पर तिरोड़ा शहर में शिवनीती फाउंडेशन द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के अफजलखान वध की भव्य और जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। इस ऐतिहासिक दृश्य ने नागरिकों में उत्साह और गर्व का संचार किया तथा पूरा शहर 'जय श्रीराम' और 'छत्रपति शिवाजी महाराज की जय' के नारों से गूंज उठा।

इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष विक्रम डोळ्स के नेतृत्व में मिथलेश गोटफोडे, रोहित कावळे, योगेंद्र पटले, महेंद्र बघेल, शुभम कावडे, सतीश कावळे, भव्य चौधरी, जितेंद्र कटरे सहित अविनाश उके, एकनाथ बनकर, हर्ष मलये, कविश मेश्राम, विशाल राऊत, विशाल चौधरी, भूमेश्वर आंबेडारे, रुचीत राऊत, अरविंद शिवनकर, राजेश मेश्राम, आलोक सोनटक्के, मिथुन शेंद्रे, विनोद जांगजोड, अतुल लांजेवार, निलेश प्रजापती, ज्ञानेश्वर देव्हारे, छत्रपाल टेकाम, संजय भाजभुजे, मुकेश गजघाट, गोलू रहांगडाले और भारत राऊत का विशेष योगदान रहा।

इस झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वाभिमान से प्रेरित करना था।

# नागपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक हादसे में पैदल यात्री की मौके पर ही मौत..



**जगप्रेरणा सडक अर्जुनी/ गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सड़क अर्जुनी तहसील अंतर्गत ग्राम सौंदड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर हुए इस भीषण सड़क हादसे में 40 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। विशेष बात यह है कि यह हादसा मृतक के घर के बिल्कुल करीब हुआ, जिससे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। साथ ही, राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना आज 29 मार्च दोपहर 12 बजे के करीब हुई है।

मृतक की पहचान प्रदीप पूरण राऊत (उम्र 40 वर्ष, निवासी सौंदड़) के रूप में हुई है। मृतक को दो बेटियां है, एक का नाम ग्रीशीका (16 वर्ष) और दुसरी दिव्या (14 वर्ष) हैं। बताया जाता है कि उनकी पत्नी का निधन लगभग तीन वर्ष पूर्व हो चुका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदीप राऊत रेलवे क्रॉसिंग के पास से राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक, वाहन लेकर घटनास्थल से फरार हो गया। यह हादसा उड्डण पुल के सर्विस रोड पर हुआ। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि राजमार्ग किनारे फुटपाथ पर एक कपड़ा दुकान संचालक द्वारा अतिक्रमण किया गया है, जिससे सड़क संकरी हो गई है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। घटना के बाद आक्रोशित नागरिकों ने संबंधित दुकान संचालक को फटकार लगाई। नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि उड्डाण पुल के निर्माण कार्य में खामियां हैं, जिसके कारण इस स्थान पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। उन्होंने संबंधित निर्माण कंपनी की जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। हादसे के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सड़क अर्जुनी के शासकीय अस्पताल भेज दिया गया है। डुग्गीपार पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

भगवान महावीर जन्मकल्याणक चतुर्दशीय महोत्सव पर

## सकल जैन समाज द्वारा किया गया भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन..

### महिलाओं और बेटियो ने भी किया रक्तदान..



जगप्रेरणा गोंदिया।
***अहिंसा मार्ग पर चलते हुए जियो और जीने दो का पाठ पढ़ाने वाले भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलते हुए गोंदिया में सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्मकल्याणक पर चतुर्दशीय महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसके***

तहत अनेक सामाजिक, धार्मिक, पशु, पक्षी एवं मानव कल्याण के हितार्थ जनसेवा कार्य भी किये जा रहे हैं, तथा इसी क्रम में आज 29 मार्च को शहर के जैन कुशल भवन में सकल जैन समाज द्वारा भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भीषण गर्मी और धुप के बावजूद भी जैन समाज के विभिन्न सदस्यों ने मिलकर लगभग 37 यूनिट रक्त का दान किया। आयोजित रक्तदान शिविर के संबंध में सीए कुशल चोपड़ा ने जगप्रेरणा को बताया कि इस रक्तदान शिविर में जहां अनेक पुरुषों ने रक्तदान किया, वहीं युवाओं और विशेषकर महिलाओं व बेटियों ने भी रक्तदान कर रक्तदान के पुनित कार्य में हिस्सा लिया।

इस पुनीत अवसर पर समाज के सभी वर्गों ने बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ सहभागिता निभाते हुए जनहित में रक्तदान किया। शिविर में कुल 37 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ, जो निश्चित ही जरूरतमंदों को समय पर उपलब्ध होकर उनके जीवन की रक्षा करने में सहायक सिद्ध होगा। भगवान महावीर का संदेश 'जियो और जीने दो' एवं 'अहिंसा परम धर्मः' को आत्मसात करते हुए इस सेवा कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

### इन्होंने किया रक्तदान..

रक्तदान के पुनित कार्य में प्रमुख रक्तदाताओं में जयंत शांतिलालभाई धर्मशी, श्रीमती राखी निखिलजी जैन, हिरेश योगेशचंदजी जैन, अंकित राजेंद्र जी चोपड़ा, सीए कुशल नवरतन जी चोपड़ा, अजय नरेंद्रजी चोपड़ा, सुधीर शांतिकुमार जी जैन, मिलिंद जयेशभाई पारख, प्रजय धनेन्द्रजी पंड्या, अंकित श्रीपाल जी जैन, धनेंद्र पंड्या, अंकित विनोद जी जैन, विजय नवरतनजी चोपड़ा, अंकित श्रीपाल जी जैन, कु. रैनी राजेंद्र जी जैन, श्रीमती मेहुलाबेन धर्मशी, तनेश हिरेशजी जैन, संकल्प राजकुमार जैन, आर्यन जैन, कु. तनिष्का हिरेश जैन, हेमंत शांतिलालभाई धर्मशी, सम्यक अजय जी बैद, पंकज मनीलाल भाई धर्मशी, जयेश सुरेश भाई पारेख, अजय गुमानचंद जी बैद, सचिन भारती, गोपेश बड़वाइक, अविनाश आहूजा, आशीष प्रकाश खजांची, डॉ. विकास जैन, डॉ. राकेश आकाश बोथरा, उदित आकाश बोथरा, गौरव उपाध्याय, कमलकिशोर जैन (संदीप), विभोर जैन, वेदांत सिंघी, आयुष अरुण अग्रवाल आदि ने रक्तदान कर मानव कल्याण में योगदान दिया। रक्तदान आयोजन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से दिनेश बैद (अध्यक्ष, जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ), सुभाष बोथरा, बिपिन बाविसी, आनंद बरडिया, डॉ. भौतिक दोषी, हिरेश जैन, वैभव सिंगी, (संयोजक, भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति), सीए कुशल चोपडा एवं कमलेश बोथरा (प्रोजेक्ट डायरेक्टर, रक्तदान शिविर) का विशेष योगदान रहा।

धर्म और आस्था से खिलवाड़ कर दैहिक शोषण करने वाले

## नाशिक के पाखंडी भोंदू बाबा को फांसी की सजा दी जाए.. - छैलबिहारी अग्रवाल

### पाखंडी बाबाओं और क्रूर बलात्कारीयों के खिलाफ कानुन में काला पानी जैसी कड़ी सजा का प्रावधान हो..

जगप्रेरणा गोंदिया।
***गोंदिया के विदर्भवादी नेता, राष्ट्रचिंतक छैलबिहारी अग्रवाल ने राज्य की देवेन्द्र फडणवीस सरकार से नाशिक के भोंदु बाबा खरात पर फास्ट्र ट्रेक कोर्ट में सुनवाई कर तीन महीने के अंदर फांसी की सजा दिये जाने की मांग की है। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि नाशिक के इस ढोंगी बाबा की सारी करतूतों के सबूत पुलिस के पास मौजूद हैं। जो 58 वीडियो पुलिस को मिले हैं, उसमें शामिल***

महिलाओं एवं उनके परिवार के बयान लेकर ऐसे भोंदु बाबा पर अपराध साबित करना पुलिस के लिये चुनौतीपूर्ण भी नहीं है, इसलिये इस भोंदूबाबा पर तीव्रता से कार्यवाही होनी चाहिये, और ऐसे पाखंडी ढोंगी चरित्रहीन और दैहिक शोषण करने वाले बलात्कारी और व्याभीचारी बाबा को फांसी की सजा दिये जाने की कार्यवाही तीव्रता से सुनिश्चित करना चाहिये। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि एक तरफ हम सनातन की रक्षा के लिये मर मिटने को तैयार हैं, और एक तरफ कुछ लोग सनातन की आड़ में आस्था और विश्वास से खिलवाड़ कर रहे हैं। जिस तरह की सच्चाई और खुलासे पाखंडी खरात बाबा के सामने आ रहे हैं, उसने सनातन की विश्वास



परंपराओं के नाम पर अपने गलत मंसूबों को अंजाम दिया है, इसलिये अब कानुन में ऐसे बाबाओं के खिलाफ कानुन में काला पानी जैसी समाज का प्रावधान भी किया जाना चाहिये, ताकि सनातन धर्म के नाम पर स्वयं को बाबा के रुप में प्रस्तुत कर कोई पाखंडी किसी द्रौपदी का चीर हरण ना कर सके।

### महिलाओ को बचना चाहिये बाबाओं से..

छैलबिहारी अग्रवाल ने आगे कहा कि एक बार फिर एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें फिर एक पाखंडी बाबा की करतूत का बड़ी संख्या में महिलाएं शिकार हुई है। श्री अग्रवाल ने कहा कि इस मामले से फिर यह साबित हुआ है कि महिलाएं चुंकि भावनात्मक रुप से सोचती है, इसलिये वो कभी अंदर के गंदे ईरादों को और अपना भला बूरा नहीं पहचान पाती, और इसके कारण वे ऐसे करतूतबाजों का शिकार हो जाती है, इसलिये महिलाओं को इस तरह के मामलों से सबक लेते हुए धर्म और आस्था के नाम पर अंधभक्त बनने से बचने का प्रयास करना चाहिये, और आज के वैज्ञानिक युग में अंधभक्ति से किनारा कर लेना चाहिये। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि सिर्फ इस तरह के मामलों में ही नहीं बल्कि बाबाओं के प्रवचन आदि सुनने की होड़ भी महिलाओं में अधिक होती है, तो कई बार कई धर्मसभाओं में जब भगदड़ के मामले भी घटित हुए तो सर्वाधिक महिलाओं की जान ऐसे मामलों में भी चली गई, इसलिये महिलाओं को यह समझना चाहिये कि इस तरह की भक्ति से उनके सम्मान और उनके जीवन को बर्बाद कर सकती है, इसलिये निश्चित ही पाखंडी ढोंगी बाबाओं से ना सिर्फ महिलाओं को बचना चाहिये, बल्कि ऐसे बाबा की करतूत का जिस महिला को भी पता चले, उसे अपने आस पास के लोगों को ऐसे लोगों से सावधान अवश्य कर देना चाहिये। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि नाशिक के भोंदू बाबा खराब की हरकत ने एक बार फिर सनातन धर्म को नीचे दिखाने का काम किया है, इसलिये अब सरकार को ऐसे कानुनी प्रावधान तैयार करने चाहिये, जिससे कि कोई भी पाखंडी सनातन का अपमान करने की हिम्मत ना कर सके।

### - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मो. नंबर 9860558902 पर तुरंत संपर्क करें।

श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर रेलटोली द्वारा

## 3 दिवसीय कार्यक्रमों के साथ धुमधाम से मनाया जायेगा हनुमान जन्मोत्सव..

जगप्रेरणा गोंदिया।
***गोंदिया शहर के रेलटोली स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में इस वर्ष श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा तीन दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।***



कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार, दिनांक 01 अप्रैल 2026 को शाम 8:00 बजे भजन संध्या से होगी। इस अवसर पर श्री संकट मोचन मंडल एवं श्याम गुणगान परिवार द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। दूसरे दिन, गुरुवार, 02 अप्रैल 2026 को प्रातः 4:30 बजे से कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शुभम तिवारी द्वारा श्री हनुमान जन्म कथा का वाचन किया जाएगा। प्रातः 6:02 बजे भगवान हनुमान जी के जन्म के पश्चात विशेष आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी दिन सुबह 6:15 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। शोभायात्रा के पश्चात सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इसके अलावा सुबह 10:00 बजे से 108 हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। शाम 6:00 बजे श्री हनुमान जी प्रसाद महाभोग लगाया जायेगा, तथा रात्रि 9:30 बजे हनुमान चालीसा पाठ का समापन होगा।

### 3 अप्रैल को किया जायेगा महाप्रसाद का आयोजन..

रेलटोली स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर तीसरे दिन शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026 को दोपहर 12:00 बजे हवन पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात गणेश नगर एवं संकट मोचन महिला मंडल द्वारा शाम 4:00 बजे भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसी दिन शाम 6:30 बजे से भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सभी धार्मिक अनुष्ठान, भजन, हनुमान चालीसा पाठ एवं शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु श्रद्धालुओं से सहयोग की भी अपेक्षा की गई है।

## युवाओं का खेल के प्रती रुझान बढ़ाने हमने बनाया गोंदिया में क्रिड़ा संकुल - पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल



### स्व. ठाकुर जमीपाल सिंह गौर की स्मृति में अंडर-16 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज..

जगप्रेरणा गोंदिया।
***स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर स्व.जमीपाल सिंह गौर की स्मृति में आयोजित होने वाला लेदर बॉल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, 27 मार्च को साकेत पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के शुभ हस्ते, पार्षद सुनिल तिवारी तथा सेवा निवृत्त शिक्षक अजयसिंह गौर एवं गणमान्य नागरिकों की प्रमुख उपस्थिती में संपन्न हुआ।***

इस अवसर पर प्रस्तावना रखते हुए अजय गौर सर ने कहा कि, यह प्रतिष्ठित क्रिकेट टुर्नामेंट लीग-कम-नॉकआउट आधार पर खेला जायेगा, जिसमें नागपुर, अमरावती, गढ़चिरोली, भंडारा एवं गोंदिया के प्रतिभाशाली खिलाड़ी एवं टीमें हिस्सा लेकर उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। भव्य आयोजन राजपूत क्षत्रिय ठाकुर संगठन एवं जय महाकाल मिस्टिक क्रिकेट अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में, अजयसिंह गौर के संयोजन में युवा खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और इस वर्ष भी इसी श्रृंखला में टुर्नामेंट के माध्यम से नई प्रतिभाएं आगे आएंगी।

पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि, यह हर्ष की बात है कि, सेवा निवृत्ती के बाद भी अजयसिंह गौर ने खेल के प्रति अपने रुझान को बनाए रखा है और खेल मैदानों-सनसाधनों की कमी के बावजुद उनके नेतृत्व में निरंतर कहीं न कहीं खेल टुर्नामेंट आयोजित रहते है और खेल प्रतिभावाओं को इनके माध्यम से नए अवसर मिलते है। गोंदिया में इन्हीं की लगातार मांग-सुझाव के कारण पिछले वर्षो में गोंदिया के मरारटोली में हमने जिलास्तरीय क्रिड़ा संकुल का निर्माण कराया। जहां बैडमिंटन-स्वीमिंग आदि स्पोर्ट की सुविधा है। अजय गौर सर के माध्यम से और भी जो खेल संबंधी विषय सामने आएंगे, उन्हें हल कर युवाओं को और अधिक सुविधा देने के हम प्रयास करेंगे। टुर्नामेंट में विजेता टीम को टुर्नामेंट कप के साथ 15 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को टुर्नामेंट कप के साथ 7 हजार रुपये की नगद राशी पुरस्कार स्वरुप दी जाएंगी। मैन ऑफ द मैच एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार ट्राफी आदि प्रदान किए जाएंगे। निश्चित रुप से क्रिकेट के प्रति हर समाज द्वारा दिखाया जा रहा उत्साह, खेल भावना को बढ़ावा दे रहा है और निश्चित रुप से जल्द ही देश की राष्ट्रीय टीम में गोंदिया के युवा दिखाई देंगे।

**गौरतलब है कि टूर्नामेंट के सफलतार्थ उपेन्द्र थापा, नितिन चंदेल, शैलेन्द्र राणा, अजय चौहान, गहरवार, गौरव थापा, अशोक यादव, अशोक छत्रे, अजय खड़ेलवाल, विजय सोनी, शुक्ला, दिनेश राजगौर और दीपक कदम सहित कई सदस्य सक्रिय रुप से प्रयासरत हैं। विशेष आकर्षण स्वरुप इस बार टुर्नामेंट का आयोजन रात्रीकालीन किया गया है तथा मैदान के फ्लर्ड लाइट्स की शोभा देखते ही बनती है।**

उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 20 वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
SUSHRUT PROCTO AYURVEDA GONDIA
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया
07182-230404

## आचार्य विनोबा भावे के विचार आज भी प्रासंगिक - रमेश भैय्या



जगप्रेरणा गोंदिया।
आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का बड़ा योगदान रहा। महात्मा गांधी के दो उत्तराधिकारी थे, पहले राजनैतिक उत्तराधिकारी पं. जवाहरलाल नेहरू व अध्यात्मक से जुड़े दुसरे आचार्य विनोबा भावे थे। 1951 में भूदान आंदोलन कर 45 लाख एकड़ जमीन दिलाई। जमीन के लिए आज भी वाद-विवाद हो रहे हैं। उस वक्त जमीन लेकर आचार्य विनोबा भावे गरीबों को बांटते थे।

आचार्य भावे के विचार आज भी प्रासंगिक है। यह बात विनोबा भावे के शिष्य उत्तरप्रदेश शांहजहापुर निवासी रमेश भैय्या ने रिंग रोड़ स्थित श्री गणेश ग्रामीण विकास शिक्षण संस्था द्वारा आयोजित सद्भावना यात्रा व सत्कार समारोह में कही। इस अवसर पर राजेंद्र यादव (हरियाणा), राकेश प्रसाद पांडे (प्रयाग), जालंधरनाथ, कमलेश प्रेमी (शांहजहापुर), श्री ग्रामीण विकास शिक्षण संस्था गोंदिया के संस्थापक सचिव विजय बहेकार, पूर्व जिप सभापति धन्नालाल नागरीकर, प्रा. सविता बेदरकर, संथागार के प्रभाकर गजभिये, प्रा. रामकृष्ण चौधरी, उमरे कम्प्युटर इंन्स्टिट्युट के संचालक गजानन उमरे, कृषि अधिकारी धनलाल उईके, निवृत बीडीओ झामसिंग टेंभरे, राधाबाई नर्सिंग स्कूल की प्राचार्या प्रिसा वर्मा आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। राजेंद्र भाई ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि देश में सबसे बड़ा चमत्कार भूदान आंदोलन से हुआ है. संत विनोबा भावे ने पदयात्रा की थी. जिसमें उन्होंने आंध्रप्रदेश के कोचमपल्ली की अहिंसा को रोका था. भावे के आग्रह पर रामचंद्र रेड्डी ने 100 एकड़ जमीन दान दी थी। रमेश भैय्या ने भी 35 हजार कि.मी. पदयात्रा की है। उल्लेखनीय है कि वर्धा स्थित पवनार आश्रम से 25 मार्च को यात्रा की शुरुआत की गई। यह यात्रा महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से होकर 18 अप्रैल को आंध्रप्रदेश के कोचमपल्ली पहुंचेगी। कार्यक्रम का संचालन प्रा. रामकृष्ण चौधरी ने की व आभार प्रदर्शन विजय बहेकार ने किया।

इस अवसर पर सी.एम. पटेल इंग्लिश स्कूल के शिक्षक अनिल शेलोकर, लिना साखरे, रितु नागदेव, सुषमा पाठक, राधाबाई नर्सिंग स्कूल की रुपाली गौतम, माया मोहारे, अलिषा पटेल, नंदिनी भिवगडे, श्रुती ठाकरे, तेजस्वी टेंभरे सहित बड़ी संख्या छात्र-छात्राए उपस्थित थे. इसी श्रृंखला में महात्मा गांधी प्रतिमा पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शिव शर्मा की उपस्थिति में रमेश भैय्या, विजय बहेकार व अन्य नागरिकों ने पुष्पमाला अर्पित की।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com